JEWELLERS
ASSOCIATION
JAIPUR

Since 1974

# जैम वर्ल्ड

ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की आधिकारिक पत्रिका



jas
connect to source
THE SELECT B2B SHOW

## व्यापार की बढ़ी रफ़्तार

## माइल स्टोन

JAGS
JEWELLERS ASSOCIATION GEMSTONE SHOW

ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर

## महाधिवेशन 2022

आईआईजीजे रिसर्च एंड लैबोरेट्रीज सेंटर अब जयपुर में

## काजेम
सबसे बड़ी पन्ना खदान

## टर्क्वोइज़
नकल, पहचान व रोकथाम


C.I. Bogotá Emerald Mart S.A.S.
Miner and Exporter of Colombian Emeralds.
All qualities, cut and rough.
Av. Jiménez No. 5-43 Of. 801 Bogotá - Colombia
Tels: (571) 342 0966 - 342 0015 - 342 2860
www.bem.com.co - bem@bem.com.co - benny@bem.com.co
BENNY
www.bem.com.co
2021 -5781
MEMBER
Benny Bazalel
+57 310 219 5000
Jonny Bazalel
+57 313 294 0430
Shareholder of:
Empavas Mine in Muzo/Quipama
Calceteros and Buenos Aires Mine in Coscuez

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

Since 1974

# जैम वर्ल्ड

ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की आधिकारिक पत्रिका

मार्च-अप्रैल 2022 | Volume XXXX No. 3

Regd. with R.N.I. No. 26126/74

GEM WORLD
JAS
GEM BOURSE
JANOPYOGI BHAWAN
DHARAM KANTA
JEA
JAGS

## विषय - सूची





23

15

14 jas THE SELECT B2B SHOW
व्यापार की बढ़ी रफ़्तार

27 JAGS JEWELLERS ASSOCIATION GEMSTONE SHOW जैम स्टोन शो, जयपुर

30 JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR
• महाधिवेशन 2022 सम्पन्न
• रोजगार सृजन योजना की पहल

28

33-35 **जीजेईपीसी**
• भारत-ऑस्ट्रेलिया में द्विपक्षीय समझौता
• आईआईजीजे रिसर्च एंड लैबोरेट्रीज सेंटर अब जयपुर में

36-38 **शख्सियतों को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड**
• नवरत्न कोठारी, केजीके ग्रुप
• संजय कोठारी, जीजेएससीआई

39 **टक्वोईज़ की नकल - 3**
गगन चौधरी

41

44 **जैमफील्ड्स: काजेम**
सबसे बड़ी पन्ना उत्पादक खदान

47 **स्मरण**
श्री ज्ञान चन्द जी कोठारी

48 **ट्रेंडी अफेयर्स**
ज्वैलरी डिज़ाइन के नए ट्रेंड्स

58 **डिज़ाइन स्पीक**
ज्वैल एक्सेल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइनिंग, जयपुर

53








कवर क्रेडिट:
साविओ ज्वैलरी, जयपुर

**प्रकाशन**
ज्वैलर्स असोसिएशन
जौहरी बाजार, जयपुर 302 003 (भारत)
टे: +91 141 4034112-13
फे : +91 141 2560125
ई: gemworld@jajaipur.com
वेब: www.jajaipur.com

**संपादक और डिजाइन**
Splashierz Design
+91 77427 25334

**विज्ञापन, टैरिफ या अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**
टे: +91 141 4034112-13 मो: +91 87696 64864 | +91 99502 11331
ई: gemworld@jajaipur.com

डिस्क्लेमर
पत्रिका में विभिन्न लेखों में दिए गए विचार लेखकों के हैं, इनमे किसी भी प्रकार की त्रुटियों के लिए ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर का कोई दायित्व नहीं होगा।

**जैम वर्ल्ड**
2021-2022

# सलाहकार मंडल



**राम शरण गुप्ता**
अध्यक्ष



**अशोक माहेश्वरी**
मानद सचिव



**नीरज लुणावत**
संयोजक जैम वर्ल्ड



**आलोक सौंखिया**
उपाध्यक्ष



**अभिषेक सांड**
सदस्य



**महेश खण्ड़ेलवाल**
सदस्य



**नरेश अगरोया**
सदस्य



**सुधीर कुमार ठोलिया**
सदस्य

JEWELLERS
ASSOCIATION
JAIPUR

# कार्यकारी समिति
## 2021-2022


राम शरण गुप्ता
अध्यक्ष


आलोक सौंखिया
उपाध्यक्ष


अशोक माहेश्वरी
मानद् सचिव


नीरज लुणावत
संयुक्त सचिव


राजू अग्रवाल मंगोडीवाला
कोषाध्यक्ष


अभिषेक सांड
सदस्य


अजय गोधा
सदस्य


डी.पी. खण्ड़ेलवाल
सदस्य


गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
सदस्य


महेश खण्ड़ेलवाल
सदस्य


मुकेश विजय
सदस्य


नरेश अगरोया
सदस्य


निर्मल कुमार बरड़िया
सदस्य


राजेश जैन
सदस्य


राजेश धामाणी
सदस्य


संजय काला
सदस्य


सुनील बटवाड़ा
सदस्य


विजय केड़िया
सदस्य

# उप-समितियां 2021-2022

**अध्यक्ष श्री रामशरण गुप्ता एवं मानद् मंत्री श्री अशोक माहेश्वरी सभी उप-समितियों में पदेन सदस्य होंगे।**

**समाज सेवा**
**संयोजक**
आलोक सौंखिया
**सदस्य**
गौरव जैन
महेश खण्ड़ेलवाल
नीरज लुणावत
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
राजेश धामाणी
अदित बरड़िया

**B.2.B शो JAGS**
**संयोजक**
मुकेश विजय
**सदस्य**
शैलेष कुमार मेहता
अभिषेक सांड
अब्दुल शकूर लाली
अमित विजय
अरूण मोदी
आशीष बंग माहेश्वरी
घनश्याम बिलसोरा
आशीष सिंघवी
संजीव गुप्ता

**धर्मकांटा एवं फोटोग्राफी**
**संयोजक**
अशोक माहेश्वरी
**सदस्य**
अभिषेक मालपानी
गौरव फोफलिया
नरेश अगरोया
रितिक माहेश्वरी

**जनोपयोगी भवन**
**संयोजक**
अजय गोधा
**सदस्य**
गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
अरविन्द गुप्ता
बाल किशन गुप्ता
महेन्द्र जैन (जापानवाला)
नीलकण्ठ भंडारी
राम नारायण नांगलिया
सतीश अग्रवाल
सुनील नाहर
सुरेन्द्र सुराणा
उमेश सोनी

**शोध, विकास एवं मैन्यूफेक्चरिंग**
**संयोजक**
राजेश धामाणी
**सदस्य**
अजय बक्षी
अजय गोधा
अजय खण्ड़ेलवाल
अमित कोटावाला
घनश्याम साहू
जीतू पटेल
महावीर ड़ागा
महेश फतेहपुरिया
मनोज अग्रवाल
पारस ठोलिया
प्रकाश बैद
राजेश सेठ
राकेश कोचर
संदीप कटारिया
शांति शाह
श्रीयांश धांधिया
विवेक दाधीच

**ज्वैलर्स असोसिएशन शो JAS**
**संयोजक**
राजेश धामाणी
**सह-संयोजक**
कृष्ण कुमार अग्रवाल
नरेश अगरोया
**सदस्य**
अभिषेक रानीवाला
अभिषेक सांड
अजय गोधा
आलोक सौंखिया
अनिल ताम्बी
अरूण कोठारी
अरूण कुमार गोखरू
अरविन्द गुप्ता
बजरंग बाहेती
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
गौरव जैन
गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
महेन्द्र लुहाड़िया
महेश खण्ड़ेलवाल
मुकेश विजय
नीरज लुणावत
निर्मल कुमार बरड़िया
नितिन गिलारा
राघव खण्ड़ेलवाल
राजेश जैन
राजेश नाहर
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
रूपेश ताम्बी
संचित टाटीवाला
संजय काला
शुभांग मित्तल
सुधीर ठोलिया
सुनील बटवाड़ा
सुनील गुप्ता
सुरेश ढढ्ढा
विजय केड़िया
यशेष ताम्बी

# उप-समितियां 2021-2022

**अध्यक्ष श्री रामशरण गुप्ता एवं मानद् मंत्री श्री अशोक माहेश्वरी सभी उप-समितियों में पदेन सदस्य होंगे।**

**यंग एंट्रेप्रेन्योर व डिजिटाइजेशन**
**संयोजक**
अभिषेक सांड
सदस्य
आलोक सौंखिया
नीरज लुणावत
राजू अग्रवाल मंगोडीवाला
शिरीष अग्रवाल
विनीष अग्रवाल

जेम **वर्ल्ड सलाहकार मंडल**
**संयोजक**
नीरज लुणावत
**सदस्य**
अभिषेक सांड
आलोक सौंखिया
महेश खण्ड़ेलवाल
नरेश अगरोया
सुधीर ठोलिया

**कर, विधि, आयात-निर्यात संवर्धन एवं कस्टम**
**संयोजक**
संजय काला
**सदस्य**
अरूण गोखरू
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
राजेश धामाणी
विजय केड़िया
सुनील शर्मा

**पंच फैसला**
**संयोजक**
विजय केड़िया
**सदस्य**
निर्मल कुमार बरड़िया
ओम प्रकाश डंगायच
श्याम सुन्दर खटोरिया

**ट्रेड रेग्यूलेटरी कमेटी (टी.आर.सी.)**
**संयोजक**
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
**सदस्य**
अशोक सौंखिया
दिनेश कुमार खटोरिया
कमल कुमार कोठारी
विजय केड़िया

**व्यापारिक सुरक्षा**
**संयोजक**
राजेश जैन
**सदस्य**
अनिल कुमार अग्रवाल
अरविन्द गुप्ता
भरत आर. पटेल
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
सुरेश गुप्ता

**वित्त संग्रह**
**संयोजक**
विजय केड़िया
**सदस्य**
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
महेन्द्र कुमार अग्रवाल
सुनील मनिहार

**विधान संशोधन**
**संयोजक**
संजय काला
**सदस्य**
अरूण गोखरू
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
कमल कुमार कोठारी
निर्मल कुमार बरड़िया

**रत्न दलाल**
**संयोजक**
अजय गोधा
**सदस्य**
राजेश धामाणी
गौरव फोफलिया
हरीश खण्ड़ेलवाल (भुखमारिया)
महेश गुप्ता
मनीष लुहाड़िया
मनोज अग्रवाल
मनोज गंगवाल
राहुल छाबड़ा
संजय माहेश्वरी
विनोद कुमार गुप्ता (AVD)

**सदस्यता प्रवेश-पत्र जाँच**
**संयोजक**
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
**सदस्य**
अरविन्द गुप्ता
राजू अग्रवाल मंगोडीवाला
रूपेश ताम्बी
यशेष ताम्बी

**सेमीनार**
**संयोजक**
संजय काला
**सदस्य**
गौरव जैन
सुधीर ठौलिया
राजेश जैन
नीरज लुणावत
राजेश धामाणी
सुनील बटवाड़ा

GEMFIELDS



Responsibly sourced Zambian emeralds and Mozambican rubies.
Championing transparency and trust in the coloured gemstone industry.

GEMFIELDS.COM

valentine

JAIPUR



VALENTINE JEWELLERY INDIA PVT. LTD.
E:order@valentinejewelleryindia.com
T: +91-7412077882

VALENTINE JADAU
E:order@valentinejadau.com
T: +91-7412077880

www.valentinejaipur.com









**Corporate Office**

RMC Gems India Ltd.
24, Bardiya Colony, Museum Road,
Jaipur 302004 India
Tel: 91-141-2533050,2533092
Email: rmc@rmcgems.in

**RMC**

www.rmcgems.in

**SEZ Factory**

RMC Gems India Ltd.
G1-18 & 19, SEZ Phase 1, Sitapura Industrial Area,
Tonk Road, Jaipur 302022 India
Tel: 91-141-2770687 Fax: 91-141-2770669
Email: rmc@rmcgems.in

# LUNAWAT GEMS

SPECIALIST IN PRECIOUS & SEMI-PRECIOUS GEMSTONES








WWW.JAIPURGEM.COM

2135-36,Lunawat House,Haldion Ka Rasta Johari Bazar,
Jaipur,302003(Raj.)india
TEL NO: +91-141-257-1401,+91-141-2571402
Email-contact@lgcindia.com,lunawatgem@gmail.com




Savio®
Jewellery
Bringing in the vigor of creativity with skillful craftsmanship to create magic in jewellery making.
CORPORATE OFFICE: 223-224, 1st Floor, Apex Mall, Lalkothi, Jaipur-302015, INDIA, Tel: 0141-4012211
FACTORY: E-71, Jewellery Zone, Sitapura Industrial Area, Jaipur-302022, INDIA, Mob- +91-9588252619
E: saviojewellery@gmail.com, W: www.saviojewellery.com
saviojewellery
jewellerysavio


PRECITONE CO. LTD
COLOUR STONES
TEL: +668 1801 1295
Email: anu@precitone.com
www.precitone.com



jas
connect to source

THE
SELECT
B2B SHOW

# व्यापार की बढ़ी रफ़्तार

- **ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की पहल जस सलेक्ट बी2बी शो के दूसरे संस्करण का भव्य आयोजन**
- **देशभर से करीब 600 कम्पनियों के प्रतिनिधी हुए शामिल**
- **जयपुर एमिनेंस अवाड्र्स समारोह में रत्नाभूषण उद्योग की उभरती प्रतिभाओं को मिला सम्मान**

खूबसूरत रत्न एवं आभूषणों की आभा की चकाचौंध से रत्न नगरी जयपुर एक बार फिर दमक उठी। आभूषणों को देखने के लिए बड़ी संख्या में विजिटर्स उमड़ें तो देश-विदेश से आए ग्राहकों ने रत्न एवं जवाहरात व्यापारियों से सीधा सम्पर्क भी साधा। यह आयोजन जयपुर में सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जिबिशन एवं कन्वेंशन सेंटर(जेईसीसी) में संपन्न हुआ, जहां ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर द्वारा जस 2022 के दूसरे बी2बी संस्करण जस सलेक्ट का भव्य आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी ने किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि बछराज बामलवा, वर्गिस अल्लुकस और विधायक रफ़ीक खान थे।

करीब एक लाख स्क्वायर फीट क्षेत्र में जस सलेक्ट बीटूबी शो का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर से 600 से अधिक कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने शिरकत की। शो के पहले दिन फैशन शो का भी आयोजन किया गया.



**राजेश धामाणी**
संयोजक जस

गत वर्ष जस सलेक्ट के आयोजन को लेकर काफी सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिली थी और सभी ने इस पहल को सराहा था। इस बार हमारा उद्देश्य सभी की उम्मीदों पर खरा उतरना और इसे अधिक बेहतर करना था। बी2बी शो एक प्रकार से ज्ञान और रिसोर्सेज को प्राप्त करने का एक मंच होते हैं, जिनके जरिए हमारी इकोनामी और हमारे व्यापार को रफ्तार मिलती है। यही उद्देश्य है कि हमने शादियों का सीजन शुरू होने से पहले जस बी2बी शो का आयोजन किया। इस शो के जरिये ऐसा मंच बनाया गया है, जहां पर परंपरागत कुंदन पोल्की आभूषणों और जैमस्टोन कटिंग एवं पॉलिशिंग को सभी के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। हमारा लक्ष्य है कि हम जयपुर को इस क्षेत्र में हमेशा टॉप पर बनाए रखें, जिसके जरिए ज्वैलरी उद्योग की सभी जरूरतों को भी पूरा किया जा सके। शो को लेकर आशाओं के अनुरूप सफलता मिली, यह हमारे लिए बेहद सुखद और खूबसूरत पल साबित हुआ।

















# सत्र में मिली ज्ञानवर्धक जानकारियां

रत्नाभूषणों की खूबसूरत तीन दिवसीय प्रदर्शनी के दौरान रत्न एवं आभूषण उद्योग से जुड़ी अनेक ज्ञानवर्धक जानकारियों को साझा किया गया। इस दौरान दो सेमीनार आयोजित किए गए।




**पहले सेमीनार का विषय 'कुंदन मीना ज्वैलरी और रंगीन रत्नों का भविष्य' रखा गया.**

इस दौरान पैनेलिस्ट में प्रभात शेखर, डायरेक्टर, मनोहर लाल ज्वैलर्स, नई दिल्ली; कैलाश काबरा, फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, केके ज्वैल्र्स, अहमदाबाद; नीरव छल्ला, मर्चेंडाइजिंग हैड, पीएमजे जैम्स एंड ज्वैलर्स, हैदराबाद; वर्गिस अल्लुकस, मैनेजिंग डायरेक्टर, जोस अल्लुकस एंड संस, केरल; वेंकट भानू प्रकाश जस्ती, प्रोपराइटर, अनंथ डायमंड्स, विजयावाड़ा; अमित बांदी, सीईओ, डीपी ज्वैल लाइन लिमिटेड, मुम्बई; जबकि दी रिटेल ज्वैलर के पब्लिशर समित बट्टा ने माडरेटर की भूमिका निभाई।

सेमीनार में **प्रभात शेखर** ने कहा कि दिल्ली और एनसीआर में एमरल्ड, रूबी, पर्ल, टोपाज़ जैसे रंगीन रत्नों का बाजार एक बड़ा बाजार है, जिसे कवर करने की जरुरत है। रंगीन रत्न, सेमी प्रीशियस रत्न और डायमंड वर्तमान परिदृश्य में निवेश के अच्छे विकल्प है, इसलिए इनकी मार्केटिंग और डिज़ाइन पर अब ध्यान देने की जरुरत है।
**नीरव छल्ला** ने बताया कि हैदराबाद रंगीन रत्नों के क्षेत्र में हब बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि 35 से 40 वर्ष की आयु वाले अब रंगीन जैमस्टोन्स को अपनी ज्वैलरी में प्राथमिकता देते है, ऐसे में कलर्ड स्टोन्स के क्षेत्र में अपार संभावनाएं है।
**वेंकटा भानू प्रकाश जस्ती** ने बताया कि डायमंड महंगा होने के कारण अब फैशन में भी तेजी से बदलाव आ रहे है और अब माडर्न दुल्हनें डायमंड के स्थान पर जैमस्टोन और सेमी प्रीशियस स्टोन्स को तवज्जो देने लगी है, जिससे बाजार में बदलाव की स्थिति का आकलन किया जा सकता है।
सेमीनार में **अमित बांदी** ने बताया कि दुल्हन के लिए विवाह उसके जीवन का सबसे बड़ा और खूबसूरत पल है, अब दुल्हन जब शॉपिंग करने शोरूम में आती है तो वह रेफरेंस के तौर पर फोटो लेकर आती है कि उसे ऐसी ज्वैलरी चाहिए। कोविड की स्थितियों के बाद पोलकी में जबरदस्त उछाल नज़र आया है और इन दिनों यह एक ट्रेंड के तौर पर उभरा है, जिसे हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने भी अपने विवाह में पहना है।
मॉडरेटर के तौर पर **समित बट्टा** ने कहा कि जयपुर ही एकमात्र ऐसा शहर है, जहां से देश की हर शादी में ज्वैलरी जाती है। सेमीनार में कोविड के बाद भारतीय ज्वैलरी के बाजार में आए उछाल को लेकर सारगर्भित चर्चा की गई और मौजूद दर्शकों के सवालों के जवाब भी दिए गए।



**सेमीनार 1:** बाएं से दाएं - समित बट्टा, अशोक माहेश्वरी, राजेश धामाणी, आलोक सौंखिया, नरेश अग्रोया, कैलाश काबरा, प्रभात शेखर, वर्गिस अल्लुकस, वेंकटा भानू प्रकाश जस्ती, अमित बांदी, नीरव छल्ला, रुपेश ताम्बी, अनिल ताम्बी, अभिषेक सांड

## शो में दूसरे सेमीनार का विषय 'कुंदन जड़ाऊ ज्वैलरी एवं रंगीन रत्नाभूषणों का महत्व' रखा गया.

इस सेमीनार के पैनेलिस्ट में कोमल सोनी, सीईओ, माणिक चंद ज्वैलर्स, असम; श्वेता पाठक, फाउंडर, आकर्षण जैम्स एंड ज्वैलरी, भोपाल; गहना दतवानी, चीफ क्रिएटिव ऑफिसर, गहना ज्वैलर्स, मुम्बई; श्रद्धा केशरी, डायरेक्टर ऑपरेशंस, हीरा पन्ना ज्वैलर्स, पटना; नंदिता अग्रवाल, मैनेजिंग डायरेक्टर, सोना चांदीज, कानपुर; लतिका खन्ना, फाउंडर एंड क्रिएटिव डायरेक्टर, लतीक, गुरुग्राम; आश्रय खुराना, असोसिएट पार्टनर, खुराना ज्वैलरी हाउस ने मॉडरेटर की भूमिका निभाई।

सेमीनार में **गहना दतवानी** ने कहा कि ज्वैलरी को प्रमोट करने और ट्रेंड की जानकारी के लिए सोशल मीडिया एक अच्छा माध्यम हैं और इसमें ज्वैलरी ट्रेंड इन्फ्लूंसर्स की अहम् भूमिका देखी जा रही हैं चाहे वह ब्रिटिश शाही घराने की प्रिंसेस की पहनी गयी सफायर रिंग हो या बॉलीवुड अभिनेत्रियों द्वारा पर्सनल इवेंट्स में पहने गए कलर जेमस्टोन हो सभी सोशल मीडिया पर जब पोस्ट किये जाते हैं तो उनसे मार्केट ट्रेंड का पता चलता हैं जिनसे इन्फ्लुएन्स होकर उनका रेप्लिका बनाई जाती है। यह काफ़ी प्रचलन में हैं उन्होंने कहा कि इंडिया में ज्वैलरी को वेल्यू के तौर पर लिया जाता है और यह भूत, वर्तमान एवं भविष्य के बीच एक खूबसूरत बंधन का काम करती है।

सेमीनार में **कोमल सोनी** ने बताया कि वे असम की है और वहां परम्पराओं को सहेजकर रखने का चलन है, इसलिए वहां कुंदन मीना और पोल्की का प्रचलन अभी शुरू ही हुआ है और धीरे धीरे तेजी से गति पकड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इन दिनों निवेश और रोजमर्रा में उपयोगिता इन दो पहलूओं को देखकर भी ज्वैलरी को खरीदा जा रहा है।

सेमीनार में **नंदिता अग्रवाल** ने बताया कि वे दुल्हनों के परिधानों और आभूषणों को व्यक्तिगत तौर पर डिजाइन करती है और उनमें इस दौरान ज्वैलरी के साथ जैमस्टोन्स के संयोजन को आकर्षक रूप में प्रदर्शित करने का प्रयास करती है।

सेमीनार में **श्वेता पाठक** ने कहा कि युवा अब ऐसी ज्वैलरी को पसंद करने लगा है, जिसे प्रोफेशनली और पर्सनली दोनों ही तौर पर पहना जा सके। उन्होंने बताया कि ज्वैलरी सिर्फ ज्वैलरी नहीं है, सही मायनों में यह एक अमूल्य धरोहर है, जिसे सहेजकर रखा जाता है और इसलिए पीढ़ी दर पीढ़ी इसे धरोहर के रूप में सहेजकर रखते है। इस मौके पर मौजूद पैनेलिस्ट से दर्शकों ने सीधा संवाद भी किया।



**आलोक सौंखिया**
उपाध्यक्ष
ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर

"जस बी2बी का दूसरा संस्करण बेहद कामयाब संस्करण रहा है। इसकी सफलता का पूरा श्रेय इसकी टीम को जाता है, जिन्होंने इसे बेहद सुनियोजित तरीके से आयोजित किया। सोशल मीडिया टीम को मैं विशेष धन्यवाद देना चाहता हूं कि उनकी बदौलत दुनिया के कोने कोने में इस शो को लेकर चर्चा रही और सभी इस शो से जुड़ने को लेकर काफी उत्सुक दिखाई दिए।

दुनियाभर में जयपुर को कलर्ड जेमस्टोन और पोलकी की राजधानी माना जाता है। रिटेलर्स के लिए भी यह दोनो categories value addition के हिसाब से महत्वपूर्ण है। ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर का उद्देश्य है कि वह कलर जेमस्टोन एवं पोल्की को प्रमोट करें और इसी के लिए हमारी ओर से यह प्रयास किए जा रहे है। मैं काफी गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं कि जस ने जयपुर की दो अनमोल पहचान कलर्ड स्टोन्स और जड़ाऊ ज्वैलरी को प्रमोट करने में एक बेहद सफल मंच की भूमिका निभायी।"




**सेमीनार 2:** बाएं से दाएं - समित बट्टा, अभिषेक सांड, राजू मंगोड़ीवाला, रुपेश ताम्बी, रामशरण गुप्ता, नंदिता अग्रवाल, श्वेता पाठक, आश्रय खुराना, कोमल सोनी, गहना दतवनी, लतिका खन्ना, श्रद्धा केशरी, आलोक सौंखिया, नरेश अग्रोया,

# ज्वैलरी एमिनेंस अवार्ड्स समारोह में नायाब डिजाइंस को मिले पुरस्कार

शो के दूसरे दिन ज्वैलरी एमिनेंस अवार्ड्स(जेईए) 2022 का आयोजन किया गया। ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर की ओर से प्रस्तुत एवं पॉवर्ड बॉय जस एवं जैमफील्ड्स की ओर से सहभागिता में आयोजित समारोह में विभिन्न श्रेणियों में ज्वैलर्स एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को उनके नायाब डिजाइंस के लिए पुरस्कृत किया गया।



**रूपेश ताम्बी**
संयोजक
ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर

जेईए के संयोजक रूपेश ताम्बी ने बताया कि पुरस्कार तीन श्रेणियों में प्रदान किए गए है, जिनमें विद्यार्थी, प्रोफेशनल्स और ज्वैलर्स शामिल है। समारोह में देशभर से आए प्रतिभागियों के चेहरों पर पुरस्कार मिलने की खुशी दिखाई दी।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि बॉलीवुड अभिनेत्री प्राची देसाई थी। उन्होंने कहा कि जयपुर मेरे दिल के काफ़ी करीब हैं उन्हें जयपुर की शाही जड़ाऊ और पोल्की की खूबसूरत ज्वैलरी बहुत पसंद है। प्राची ने प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत डिजाइंस को एक से बढ़कर एक बताया इस मौके पर उन्होंने कहा कि वह समझ सकती हैं कि जूरी मेंबर्स को विजेता का चयन करने में कितनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा होगा. उन्होंने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दी.



इस दौरान ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर के फेसबुक और यूट्यूब चैनल पर शो की लाइव स्ट्रीमिंग भी की गई, जिसे देश-विदेश में बड़ी तादाद में देखा गया। समारोह में ज्वैलर्स असोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के अलावा रत्नाभूषण उद्योग से जुड़े देश-विदेश के नामी व्यवसायी शामिल हुए।




## ज्वैलरी एमिनेंस अवाड्र्स 2022 के विजेता इस प्रकार हैं: -

| S.NO | AWARD CATEGORY | WINNER |
|---|---|---|
| 1. | **Diamond Necklace of the Year** | OPH Jewellers, New Delhi |
| 2. | **GF Ruby/Emerald Necklace of the Year** | Tara Fine Jewels, Mumbai |
| 3. | **Colour Stone Jewellery of the Year** | Exquisite Fine Jewellery, Jaipur |
| 4. | **Bridal Jewellery of the Year** | Sanskriti Jewels, Mumbai |
| 5. | **Polki Necklace of the Year** | Raniwala Jewellers Pvt Ltd, Jaipur |
| 6. | **Heritage Necklace of the Year** | Raniwala Jewellers Pvt Ltd, Jaipur<br>Shah Gems, Jaipur |
| 7. | **Temple Jewellery of the Year** | Jewels of Rajputaana |
| 8. | **Gemfields Ring of the Year** | Sanskriti Jewels, Mumbai |
| 9. | **GF Ruby/Emerald Ring of the Year** | Tara Fine Jewels, Mumbai |
| 10. | **Earrings of the Year** | Sparsh Jewellers, Mumbai |
| 11. | **Bangle/Bracelet of the Year** | MRK Jewels Pvt Ltd |
| 12. | **Statement Jewellery of the Year** | Sanskriti Jewels, Mumbai |
| 13. | **Minimalist Jewellery of the Year** | Gem Plaza Jewellery Mfg Co Pvt Ltd, Jaipur<br>Tara Fine Jewels, Mumbai |
| 14. | **Men's Jewellery of the Year** | Kirtilals Kalidas Jewellery Pvt Ltd, Coimbatore |
| 15. | **Accessory of the Year** | Pooja Diamonds, Ahmedabad |
| | **Gemfields Student of the Year** | Shweta Gupta |
| | **Gemfields Professional of the Year** | Amisha Rai |

# ब्लॉगर्स की नज़र में जस बी2बी सलेक्ट

## अब है एंटिक और गोल्ड केन्द्रित आभूषणों का दौर

जस सलेक्ट बी2बी शो ऐसे समय में आयोजित किया गया, जिसके कुछ दिनों बाद ही सावे शुरू होने वाले है। ऐसे में विवाह के बंधन में बंधने वालों के लिए शॉपिंग के लिए जस सलेक्ट सबसे बेस्ट डेस्टिनेशन बनकर उभरा है। डायमंड के स्थान पर एंटिक और गोल्ड केन्द्रित आभूषणों को प्राथमिकता दी जा सकती है और अब इन्हें अपनी गहनों की सूची में शामिल किया जा सकता है। यह एक बेहतरीन शो है, जिसने दूसरे ही वर्ष में इतनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई हैं। शो में कलर स्टोन्स की वैरायटी  और ज्वेलरी के डिस्प्ले, डिज़ाइन ट्रेंड्स को देखने के लिए देश के हर हिस्से से जवाहरात व्यापारी आए।



**प्रेरणा माखरिया**

## प्रकृति से प्रेरित आभूषण आए पसंद




**प्रीता अग्रवाल**

जस सलेक्ट बी2बी शो होने के बावजूद काफी विशाल था। यहां मुझे खूबसूरत जैमस्टोन्स और जड़ाऊ ज्वेलरी को बेहद करीब से निहारने का मौका मिला। शो में जैमस्टोन्स के अनेक प्रकारों को प्रदर्शित किया गया, जिनमें लूज और स्टड दोनों प्रकार शामिल थे। कर्ल्ड एमरल्डस और गारनेट्स के साथ गुलाबी नगरी के रंग को दर्शाते गुलाबी शेड्स का संयोजन खूबसूरत प्रतीत हुआ। अद्भुत ज्वेल्स की ओर से प्रकृति से प्रेरित बर्ड रिंग्स को देखकर मैं काफी प्रभावित हुई और उसकी तस्वीरों को मैनें अपने इंस्टा पर भी साझा किया। वास्तव में ज्वैलरी के नायाब और खूबसूरत कलेक्शंस को एक ही छत के नीचे देखकर अच्छा लगा और बॉयर्स की काफी तादाद ने यहां मौजूद कारोबारियों का हौंसला दोगुना कर दिया, इन सभी से जस के सुनहरे सफर का आभास होता है।

## ट्रेंडसेटर बनी जड़ाऊ और डायमंड ज्वैलरी

आभूषणों में अब रत्नों की अहमियत बढ़ने लगी है। मीनाकारी में पेस्टल शेड्स का उपयोग किया जा रहा है। यह अनूठे और बेहद दिलचस्प प्रयोग सभी को पसंद आ रहे है और इन्हें खरीदने वालों की तादाद भी बढ़ी है। इस लिहाज से इस वर्ष जैमस्टोन्स में काफी सारे खूबसूरत प्रयोग नज़र आए है। जयपुर के जौहरियों द्वारा रत्नाभूषणों में रंगों का अद्भुत मिलन दुनियाभर में ज्वैलरी के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। खासतौर पर जड़ाऊ और डायमंड ज्वैलरी एक ट्रेंडसेटर के तौर पर उभरी है। जस में पारम्परिक और मॉडर्न ज्वैलरी का संयोजन काफी आकर्षक रहा और बी2बी शो होने के चलते यह शो बेहद कामयाब भी रहा।



**रेणू चौधरी**

## बेला बधालिया, अद्भुत ज्वैल्स



हमनें जस बी2बी शो में इस बार प्रकृति की अद्भुत खूबसूरती को दर्शाने वाले ज्वैलरी के कलेक्शन को प्रदर्शित किया। इसमें बर्ड रिंग्स सभी को पसंद आई। इस कलेक्शन में हमनें पक्षियों की संरचना रूपी ज्वैलरी के साथ सर्टिफाइड फाइन ज्वैलरी स्टोन्स का संयोजन प्रस्तुत किया। इसके अलावा हमनें शो में जड़ाऊ और परताश के संयोजन से बनाए गए ऑइकॉनिक और खास संग्रह को बॉयर्स के लिए प्रस्तुत किया, जिनसे हमें काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।



## अजय खंडेलवाल, श्री नाथ जैम्स

जस में हमारी ओर से इस बार टम्बल्स और कार्विंग को लेकर विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गई थी। हम एक रफ कारोबारी होने के साथ-साथ जैमफील्ड्स के ऑक्शन पार्टनर्स भी है। असल में, हमारे ग्राहकों की हमेशा मांग रहती है कि हम उनके लिए कुछ अनूठा और खूबसूरत संग्रह लेकर आएं, उसी के अनुरूप हमनें जस में भी यूनिक कलेक्शन को प्रस्तुत किया था। यह सभी को पसंद आया। जस में बॉयर्स की संख्या अच्छी रही और हर बूथ पर बॉयर्स की प्रतिक्रिया भी काफी सकारात्मक देखने को मिली, जो शो की सफलता को दर्शाता है।

## दिनेश खटोरिया, वैलेंटाइन ज्वैलरी (इं) प्रा. लि.



जस सलेक्ट बिजनेस टू बिजनेस एक ट्रेड शो है। इसमें काफी संभावनाएं दिखाई देती है और आगामी समय में यह दुनिया के बेहतरीन शोज में शामिल होने की काबिलियत रखता है। इसे बड़े ही व्यवस्थित तरीके से आयोजित किया गया, जो सभी को पसंद आया। शो में शांतिपूर्ण तरीके से बॉयर्स के साथ मीटिंग करना मुझे काफी अच्छा लगा और बॉयर्स के साथ बिजनेस की प्रगति को लेकर हम विस्तार से सारगर्भित चर्चा कर सके, जो काफी अच्छा था। इस दौरान शो की व्यवस्थाएं अंतरराष्ट्रीय मानकों के समकक्ष थी। शो में शामिल होना हमारे बिजनेस के लिए निश्चित तौर पर फायदेमंद था।



## अंकुर शाह, अंश ज्वैल्स

हमनें जस में कोलम्बियन एमरल्ड की खास श्रृंखला को प्रदर्शित किया। इसके लिए बॉयर्स ने काफी दिलचस्पी दिखाई। यह शो एक बी2बी शो था और हमारे बूथ पर आने वाले सभी बॉयर्स ने हमारे बेशकीमती रत्नों को सराहा और इस दौरान उनसे हमारे व्यवसायिक रिश्तें भी बने। यहीं इस शो की यूएसपी प्रतीत हुई, जिसके चलते हर बूथ पर व्यापारी और ग्राहक के बीच सीधा संवाद बिना किसी मध्यस्थ के शांतिपूर्ण तरीके से संभव हो पा रहा था। आगामी दिनों में यह शो ज्वैलरी एवं जैमस्टोन्स के कारोबारियों की प्रगति में अहम भूमिका अदा करेगा।



SAVIO JEWELLERY



VALENTINE JEWELLERY (I) PVT. LTD.



SHRI NATH GEMS



JATIN GEMS



SHIVIN JEWELLERS



SYMETREE



FINE COLOUR GEMS PVT LTD



ANSH JEWELS



K G GEMS



ADBHUT JEWELS PVT LTD



RAMBHAJO JEWELLERS



NOLKHA BROTHERS PVT LTD



BIHARILAL HOLARAM JEWELLERS



A G GEMS PVT LTD



M L PITLIYA JEWELLERS



UMRAO JEWELS



RAMBHAJO JEWELLERS



GEM PLAZA



PUNGALIA TRADING CORPORATION

जस सलेक्ट बी2बी शो की अनेक खूबियां बेहद लाजवाब और तारीफ के काबिल थी। शो को बेहद सुनियोजित तरीके से आयोजित किया गया, यह काफी अच्छा लगा। आतिथ्य भाव एकदम अंतरराष्ट्रीय स्तर का था, जिसे देखकर काफी खुशी हुई। जयपुर की जड़ाऊ कारीगरी दुनियाभर में विख्यात है और जयपुर ज्वैलरी एंव जैमस्टोन्स का हब भी है। ऐसे में जयपुर में आकर एक शो में शामिल होना यादगार और खास अनुभव रहा।

**लतिका खन्ना**
लतीक, गुरुग्राम

मीनाकारी और जड़ाऊ ज्वैलरी के मामले में गुलाबी नगरी के कारीगरों की कला अद्भुत है। दुनियाभर में इनका कोई जवाब नहीं है। जयपुर रंगीन रत्न और रंगीन रत्नाभूषणों के मामले में दुनिया के लिए हब है। यहां की नायाब ज्वैलरी के डिजाइंस की सभी प्रशंसा करते है। जस सलेक्ट बी2बी शो में हर बूथ अपनी विशेष खूबियों को समेटे था। यहां हर बूथ पर एक दूसरे से अलग और यूनिक कलेक्शंस को प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी को आकर्षित किया।


**बछराज बामलवा**
नेमीचंद बामलवा एंड संस,
कोलकाता

हमारे जैसे रिटेलर्स के लिए जस एक शानदार मंच है, जहां पर हम जैमस्टोन ज्वैलरी अथवा कुंदन मीना पोल्की ज्वैलरी को बेहतर तरीके से देख सकते है। जड़ाऊ ज्वैलरी के मामले में जयपुर दुनियाभर में विख्यात है। यही वजह है कि दक्षिण भारत में जयपुर की बनी ज्वैलरी की मांग है और इसे वहां के स्थानीय ज्वैलरी शोरूम्स भी अपने डिस्प्ले में प्रदर्शित करते है। यह सभी के दिलों में विशेष स्थान रखती है। मुझे उम्मीद है कि आगामी दिनों में जस में रिटेलर्स और ग्राहकों की भागीदारी बढ़ेगी। इससे शो में कलर्ड स्टोन, ट्रेडिंग स्टोन्स और ज्वैलरी सहित अनेक नायाब रत्नों को देखने एवं उनकी खरीदारी करने का मौका मिलेगा। शो की व्यवस्थाएं अच्छी रही और एग्जिबिटर्स का हर कलेक्शन भी काफी अनूठा था।

**वर्गिस अल्लुकस**
जोस अल्लुका एंड संस, केरल

जयपुर पोल्की ज्वैलरी के हब तौर पर दुनियाभर में विख्यात है और हालिया हुई बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट की शादी में खूबसूरत पोल्की ज्वैलरी को निहारा जा सकता है। ऐसे में जस शो में आना मेरे लिए बेहद यादगार रहा है, जहां देशभर से आए वेंडर्स द्वारा यहां प्रदर्शित किए गए खूबसूरत और आकर्षक डिजाइंस को देखने का मौका मिला।

**श्वेता पाठक**
आकर्षण जैम्स एंड ज्वैलरी
भोपाल



हम पिछले 18-19 वर्षों से सूरत में जड़ाऊ ज्वैलरी के मैन्यूफैक्चिरंग व्यवसाय से जुड़े हुए है और मुझे खरीदारी करना काफी पसंद है। हम सोने के आभूषणों को रिडिजाइन करते है। मैं यहां भी ऐसा ही इनेमेल पेंडेंट से बना नेकलेस पहनकर आई हूं। इसमें सोने की चूडियों को बेहद खूबसूरत तरीके से रिडिजाइन किया गया है। यह चूडियां एक मां ने अपनी बहू के लिए बनवाई थी, लेकिन जब यह हमारे पास आई तो हमनें इसे नए सिरे से रिडिजाइन किया और अब इसकी खूबसूरती सभी को पसंद आ रही है। हमारी कम्पनी करीब 10 हजार से अधिक ऐसे पीसेज की रिक्रिएशन कर चुकी है और इस दौरान पूरी जानकारी ग्राहकों को देते है। जस के बारे में बताना चाहती हूं कि यह शो एक शानदार शो है, जहां आना बहुत अच्छा लगा और जयपुर से मेरा दिली रिश्ता है। यहीं वजह है कि मुझे यहां सच में काफी अच्छा लगा।

**सुरभि शाह**
सुरभि ज्वैल्स, सूरत

जस बी2बी शो आने का अनुभव बेहद खास और यादगार रहा। शो में रत्नाभूषणों की खूबसूरत आकृतियां मन को मोहने वाली रही। मुझे जयपुर की जड़ाऊ कारीगरी काफी अच्छी लगती है और इसका कोई मुकाबला नहीं है। यहां की जैम स्टोन ज्वैलरी और पोल्की भी दूसरों से काफी अलग और अनूठी है, जिस कारण इसे सभी पसंद करते है। जस में व्यापारियों और एग्जिबिटर्स के साथ मुलाकात करना और उनके कलेक्शंस को करीब से देखना एक खूबसूरत और यादगार अनुभव रहा।

**श्रद्धा केशरी**
हीरा पन्ना ज्वैलर्स, पटना

## बी2बी शो में दिखी कटाई और छंटाई की प्रक्रिया




शो में इस बार रंगीन रत्नों की कटाई एवं छंटाई की प्रक्रिया को भी लाइव डेमो एवं मशीनों के जरिए दिखाया गया। इसमें रफ़ से रत्न किस प्रकार बनाया जाता है, इस प्रक्रिया में किन मशीनों का प्रयोग होता है और विभिन्न रत्नों की फिनिशिंग कैसे की जाती हैं, इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। यह पहला मौका था, जब इस प्रकार की जानकारी एक बी2बी शो में दी गई हो। इस प्रक्रिया को करीब से देखना सभी के लिए एक नया अनुभव रहा.





# जस सेलेक्ट बी2बी शो की ख़ास झलकियां















JAGS

JEWELLERS ASSOCIATION
GEMSTONE SHOW


# जैम स्टोन शो बना माइल स्टोन

**ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर द्वारा आयोजित एक दिवसीय शो में रंगीन रत्नों की बेहतरीन रफ़ एवं तैयार माल को हाथों हाथ खरीदने उमड़े खरीदार.**



रंगीन रत्नों की रफ़ एवं तैयार माल को लेकर जयपुर व देश के नामी ख़रीदार जुटे और हाथों हाथ माल को खरीदने की प्रक्रिया भी पूरी हुई। ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की ओर से हाल ही में आयोजित ज्वैलर्स असोसिएशन जैम स्टोन शो में यह नज़ारा साकार हुआ। एक दिवसीय शो का आयोजन जनता कॉलोनी स्थित जनोपयोगी भवन में किया गया। प्रदर्शनी में 60 बूथ रखे गए, जिनमें देश और दुनिया के कोने कोने से आई रफ़ एवं तैयार माल को ख़रीदारों के लिए प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी का उद्‌घाटन मुख्य अतिथि के रूप में केजीके ग्रुप के चेयरमैन नवरतन कोठारी ने किया। विशिष्ट अतिथि ज्वैलर्स असोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रामदास सौंखिया थे। इस मौके पर करीब 1500 विजिटर्स ने शिरकत की।





**मुख्य अतिथि**
## नवरतन कोठारी

शो में मुख्य अतिथि के तौर पर आना मेरे लिए सम्मान की बात है। शो बेहद प्रभावी और सार्थक रहा। इस शो में अनेक नामी जैम स्टोन हाउस ने उच्च गुणवत्ता वाले तैयार माल को प्रदर्शित किया। यहां छोटे-बड़े कारोबारी सभी को एक ही मंच पर मूल ख़रीदार से सीधे सम्पर्क करने का मौका मिला, यह वास्तव में सराहनीय पहल है। रत्नाभूषण उद्योग में अनुभवी कारोबारियों के साथ बिजनेस नेटवर्किंग करना और उनके अनुभवों से सीखना भविष्य में हमेशा काम आता है। ऐसे में यह शो एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है।

मुझे यकीन है कि यह शो छोटे-बड़े कारोबारियों को रत्न क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों से राहत प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएगा। मुझे यह भी उम्मीद है कि यह शो जल्द ही उस शीर्ष को प्राप्त कर लेगा, जब दुनिया भर से रत्न के ख़रीदार इसमें शामिल होने के लिए उत्सुक दिखाई देंगे। इस शो की एक और खासियत है कि उपभोक्ताओं को मार्केट में हो रहे बदलावों को नज़दीक से देखने का मौका मिलता है।



**विशिष्ट अतिथि**
## रामदास सौंखिया

ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की एक सराहनीय पहल है, जिसके जरिए सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय के ध्येय को साकार किया गया। इस पहल के जरिए छोटे-बड़े सहित रत्नाभूषण एवं रफ़ उद्योग से जुड़े सभी कारोबारियों को उच्च गुणवत्ता की रफ़ एवं तैयार माल एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाता है। शो में कारोबारियों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा गया। वास्तव में जब छोटे कारोबारियों की उन्नति पर ध्यान दिया जाए तो सम्पूर्ण उद्योग की रफ्तार स्वत: ही बढ़ जाती है। ऐसे में पूरा भरोसा है कि यह शो सभी की उम्मीदों पर खरा उतरेगा और देश-दुनिया के छोटे-बड़े सभी कारोबारी इसका हिस्सा बनेंगे। यह शो व्यापार को गति देने में अहम भूमिका अदा करेगा।







**शो संयोजक**
## मुकेश विजय

शो को लेकर जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है और इस इंडस्ट्री में यह जैम स्टोन शो अब एक माइल स्टोन है, जो दुनियाभर में अनूठी पहल के कारण चर्चा में है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शो की समाप्ति तक ग्राहक आ रहे थे और सभी काफी उत्साहित थे।

हमारी कोशिश है कि हम छोटे-बड़ें सभी स्तर के कारोबारियों की उम्मीदों पर खरा उतरे और इसी दिशा में हमनें यह पहल की है, जिससे अनेक प्रकार की रफ़ एवं रत्न एक ही स्थान पर एक ही छत के नीचे सभी को उपलब्ध हो सके। सभी की मांग है कि शो को हर महीने आयोजित किया जाए, जिससे उन्हें माल को खरीदने में आसानी रहे और उन्हें बाजार से जुड़ी हर जानकारी मिलती रही। हालांकि हमारी कोशिश है कि हम हर दो महीने में इस शो का आयोजन करें और सभी तक श्रेष्ठ एवं गुणवत्तापूर्ण माल की आपूर्ति सुनिश्चित कर सके। हमारा प्रयास है कि शो को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रियता मिले।











सूचना एवं समाचार 2022

# महाधिवेशन सम्पन्न

## रोज़गार सृजन योजना शीघ्र होगी लॉन्च

ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर का वार्षिक महा अधिवेशन जनोपयोगी भवन के प्रांगण में आयोजित किया गया। इस मौके पर असोसिएशन की विभिन्न भावी योजनाओं को लेकर सारगर्भित चर्चा की गई और उन्हें लागू करने पर भी सर्वसम्मति से निर्णय पारित किए गए। ज्वैलर्स असोसिएशन के मानद मंत्री अशोक माहेश्वरी ने कार्ययोजनाओं को लेकर जानकारी प्रदान की। महाअधिवेशन में कोषाध्यक्ष राजू अग्रवाल मंगोड़ी वाला ने वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 के अंकेक्षित लेखों का अनुमोदन करवाया तो वहीं चुनाव अधिकारी चार्टर्ड अकाउंटेंट एसआर शर्मा ने नवनिर्वाचित कार्यसमिति को कार्यभार ग्रहण करवाने की प्रक्रिया पूरी की। बैठक में ज्वैलर्स असोसिएशन के द्वारा किए गए कार्यों एवं भावी योजनाओं की जानकारी सदन के समक्ष प्रस्तुत की गई।

महाधिवेशन में एम्प्लॉयमेंट जेनरेशन अर्थात् रोज़गार सृजन नाम से एक योजना को चालू करने पर विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य नियोक्ता एवं कर्मचारी दोनों को एक मंच पर लाकर रोज़गार के अवसरों में बढ़ोतरी करना है, जिससे नियोक्ता की ओर जारी होने वाली भर्तियों संबंधी जानकारी सीधे अभ्यर्थियों तक पहुंच सके और अभ्यर्थी अपनी योग्यतानुसार उचित भर्तियों में आवेदन कर नौकरी प्राप्त कर सके।

महाधिवेशन में रामशरण गुप्ता ने कार्यकारिणी के सदस्यों एवं सभी उप समितियों के संयोजकों के कार्यों के विवरण से सदन को अवगत कराया। इस दौरान असोसिएशन के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में सदस्यों की मौजूदगी रही।

**ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर**



2022

सूचना एवं समाचार

ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर

# रोज़गार अभियान से बदलेगी तकदीर

- **ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर की अभिनव पहल**
- **असोसिएशन अब नौकरी की तलाश करने वाले अभ्यर्थियों और नौकरी देने वाली कम्पनियों के बीच बनेगी सेतु**



ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर ने राज्य के युवाओं सहित सभी आयु वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए ज्वैलर्स असोसिएशन रोज़गार अभियान को लॉन्च करने का फैसला किया है। इस ड्राइव के तहत अभ्यर्तीयों को उनकी योग्यता के आधार पर रत्न एवं आभूषण उद्योग से जुड़ी देश की दिग्गज कम्पनियों में नौकरी करने का सुनहरा मौका मिलेगा एवं कोविड की महामारी के बाद बेरोजगारी की समस्या से हताश हो रहे विभिन्न आयु वर्ग के अभ्यर्थियों को उम्मीद की नई किरण भी मिलेगी।

देश की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित संस्थाओं में शामिल ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की ओर से आयोजित होने वाली इस ड्राइव को अभ्यर्थियों के लिए पूर्णतया: निशुल्क रखा गया है। इसका मूल उद्देश्य नियोक्ता कम्पनी और जरूरतमंद के बीच सूत्रधार अर्थात् सेतु की भूमिका अदा करना है। साथ ही दोनों को असोसिएशन की ओर से एक प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवाना है, जिससे दोनों की जरूरतों को पूरा किया जा सके।

**इन श्रेणियों में मिलेगी भर्ती की सूचना**

ज्वैलर्स असोसिएशन रोज़गार अभियान के तहत अनेक श्रेणियां रखी गई है, जिनमें भर्तियों को लेकर जानकारी सार्वजनिक की जाएगी और योग्यता के आधार पर कम्पनी और अभ्यर्थी की जानकारी एक दूसरे से आपस में साझा की जाएगी। इस दौरान अनेक श्रेणियों में

# सूचना एवं समाचार 2022

**ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर**

कंपनियों की ओर से निकाली जाने वाली भर्तियों का डाटाबेस जरूरतमंद अभ्यर्थियों से साझा किया जाएगा। इन श्रेणियों में

- **सेल्स एंड मार्केटिंग**
- **अकाउंट्स**
- **ग्राफिक डिज़ाइनिंग**
- **मेनुअल कोरल डिज़ाइनिंग**
- **कैड डिज़ाइनर**
- **सॉफ्टवेयर ऑपरेटर**
- **प्रोडक्शन मैनेजर**
- **घाट कारीगर**
- **पॉलिश कारीगर**
- **एचआर**
- **असॉर्टर**
- **परचेज मैनेजर**

सहित अनेक श्रेणियां समाहित है। इस मौके पर अच्छी नौकरी की तलाश में जुटे अभ्यर्थी गैर अनुभवी, प्रशिक्षित और अनुभवी इन तीन श्रेणियों के आधार पर असोसिएशन की सूची में शामिल नामी कम्पनियों में नौकरी के लिए आवेदन दाखिल कर सकेंगे और निर्धारित प्रक्रिया के बाद अपने लिए अच्छी जॉब सुनिश्चित कर सकेंगे।

**यह रहेगी भर्ती की प्रक्रिया**

ज्वैलर्स असोसिएशन की ओर से रोज़गार अभियान के तहत भर्ती प्रक्रिया को बेहद सरल बनाया गया है, जिससे आसानी से कोई भी अभ्यर्थी इसका हिस्सा बन सके। इस प्रक्रिया के तहत गूगल पर ऑनलाइन फार्म सबमिशन किया जा सकेगा, यहीं फार्म ऑफलाइन भी उपलब्ध रहेगा। फार्म भरने की यह प्रक्रिया अभ्यर्थी के साथ ही नियोक्ता कम्पनी द्वारा भी पूरी की जाएगी। इसके जरिए एकत्र होने वाले डाटाबेस को नियोक्ता एवं अभ्यर्थी सभी से साझा किया जाएगा, जिससे नियोक्ता कम्पनी को अभ्यर्थियों की और अभ्यर्थियों को नियोक्ता कम्पनी से निकलने वाली नौकरियों की जानकारी सीधे प्राप्त हो सके।

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

GEM WORLD
Official Magazine Of The Jewellers Association, Jaipur
Know • Connect • Grow

The 47 year old magazine has always enjoyed a huge reader base in India as well as across the globe. We invite you to use this platform to advertise in the magazine and expand your access to a global audience in different parts of the world. Come forth and showcase your business in one of the most read jewellery magazines of the trade. This e-magazine will be circulated amongst a wide reader-base, hence your brand-reach is unlimited.

For advertisement tariff or more enquiry, contact:
**+91 87696 64868 | +91 99502 11331** ▪ E: gemworld@**ja**jaipur.com

GJEPC INDIA

# भारतीय रत्नाभूषणों की आस्ट्रेलिया में बढ़ेगी चमक

## भारत सरकार ने जैम्स एंड ज्वैलरी के क्षेत्र में संयुक्त अरब अमीरात के बाद अब ऑस्ट्रेलिया के साथ द्विपक्षीय समझौता किया



मुंबई: संयुक्त अरब अमीरात के साथ एक व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर सफलतापूर्वक पहल के बाद, भारत सरकार ने हाल ही में भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक सहयोग समझौते (सीईसीए) के माध्यम से ऑस्ट्रेलिया में भारतीय रत्न और आभूषण उत्पादों के लिए विशेष पहुंच हासिल करने में सफलता प्राप्त की है। वर्तमान में भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच रत्न और आभूषण आदि के लिए 950 मिलियन अमरीकी डॉलर का महत्वपूर्ण द्विपक्षीय व्यापार है। ऑस्ट्रेलिया को निर्यात की जाने वाली प्रमुख वस्तुओं में सोने के आभूषणों के अलावा सादे, जड़े हुए और पॉलिश किए गए हीरे हैं। जबकि ऑस्ट्रेलिया से आयात की जाने वाली मुख्य वस्तुओं में कीमती धातुएं यानी सोने और चांदी की छड़ें शामिल हैं।

जीजेईपीसी के चेयरमैन कॉलिन शाह ने कहा, "भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापार समझौता ऐतिहासिक है और इससे भारत के रत्नाभूषण निर्यात को तरजीह मिलेगी, साथ ही लाखों डॉलर का अतिरिक्त व्यापार भी होने की उम्मीद है। जबकि भारत-यूएई सीईपीए मध्य पूर्व में सादे सोने के आभूषणों के लिए मार्ग को प्रशस्त करेगा। ऑस्ट्रेलिया के साथ सीईसीए से जड़े हुए आभूषण क्षेत्र को विशेष लाभ मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया सोने और चांदी के बुलियन के हमारे बड़े आपूर्तिकर्ताओं में से एक है और कुछ समय पहले तक हीरों के प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में भी थे। "शॉह ने कहा कि इस समझौते से उम्मीद है कि हीरे सहित अनेक क्षेत्रों में भारत के अग्रणी होने का लाभ आस्ट्रेलिया को मिलेगा। इस समझौते की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई खुदरा विक्रेताओं के लिए भारतीय निर्माताओं से तैयार विश्व स्तरीय आभूषण खरीदना भी सस्ता होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस समझौते से द्विपक्षीय रत्न और आभूषण व्यापार वर्तमान में 950 मिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 1.5 बिलियन अमरीकी डॉलर हो सकता हैं।

GJEPC INDIA

IIGJ INDIAN INSTITUTE OF GEMS & JEWELLERY



# आईआईजीजे रिसर्च एंड लैबोरेट्रीज सेंटर की जयपुर में शुरुआत

## पन्ने के लिए "ऑरिजिनल सर्टिफिकेशन" सेवा शुरु

जयपुर। दुनियाभर में पन्ना केन्द्र के रूप में विख्यात रत्न नगरी जयपुर के कारोबारियों को आईआईजीजे रिसर्च एंड लैबोरेट्रीज सेंटर की ओर से एक सौगात प्रदान की गई है। सेंटर द्वारा ओरिजिनल सर्टिफिकेशन अर्थात् मूल प्रमाणीकरण सेवा की शुरूआत की गई है। आईआईजीजे-आरएलसी देश में पहली और एकमात्र जेमोलॉजिकल प्रयोगशाला है, जहां लेज़र एब्लेशन - इन कपल्ड प्लाज्मा-मास स्पेक्ट्रोमीटर (एलए-आईसीपीएमएस) तकनीक से सर्टिफिकेशन की रिपोर्ट को प्रामाणिक बनाया जाता है। प्रयोगशाला में प्रमाणीकरण अर्थात् सर्टिफिकेशन जेमोलॉजिस्ट की एक अत्यधिक कुशल और अनुभवी टीम द्वारा किया जाता है। यह टीम अत्यधिक परिष्कृत, उन्नत और अत्याधुनिक तकनीकों से लैस यूवी-विज़-एनआईआर, लेज़र रमन और एफटीआईआर का उपयोग करके रासायनिक आधार पर जेमोलॉजिकल विश्लेषण तैयार करती है।

प्रयोगशाला में महत्वपूर्ण स्रोतों से प्रामाणिक सैम्पल्स की सोर्सिंग की जा  रही है, साथ ही चयन की प्रक्रिया के बाद पन्ना संबंधित डेटाबेस को एकत्र करने का काम भी किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जेम टेस्टिंग लैबोरेट्री (जीटीएल, जयपुर) और इंडियन जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट - जेम टेस्टिंग लैबोरेट्री (आईजीआई-जीटीएल, दिल्ली) के विलय के बाद आईआईजीजे-रिसर्च एंड लैबोरेट्रीज सेंटर (आईआईजीजे-आरएलसी) नई पहचान के रूप में सबके सामने है, जिसका संचालन जीजेईपीसी द्वारा किया जा रहा है। देशभर में प्रयोगशाला को इसकी प्रमाणिकता एवं शोध कार्यों के लिए जाना जाता है। प्रबंधन टीम के अनुसार प्रयोगशाला की औपचारिक शुरुआत सीतापुरा स्थित प्रयोगशाला स्थल से कर दी गई है, जबकि फिलहाल सेम्पल एमआई रोड स्थित राजस्थान चैम्बर भवन की तीसरी मंजिल पर जीजेईपीसी के क्षेत्रीय कार्यालय पर जमा किये जा सकते है।

इस मौके पर जीजेईपीसी के अध्यक्ष कॉलिन शाह ने बताया कि हमारा उद्देश्य उद्योग के प्रत्येक हिस्से को मजबूत करना है। इस कड़ी में जयपुर सबसे अहम केन्द्र है और इसी को ध्यान में रखते हुए हमनें जयपुर में इस सेवा की शुरूआत की है। यह लेबोरेट्री पन्ने के उत्पादन और उसकी गुणवत्ता की परख के मामले में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने बताया कि आईआईजीजे-आरएलसी जैसी प्रयोगशालाएं रत्न की उत्पत्ति, प्रमाणिकता और उसके मूल्य निर्धारण में महत्वपूर्ण कड़ी है।

**क्षेत्रीय अध्यक्ष निर्मल कुमार बरड़िया** ने बताया कि आईआईजीजे-आरएलसी द्वारा शुरुआती चरण में पन्ने के लिए उत्पत्ति का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके बाद आगामी महीनों में सेवाओं का विस्तार करते हुए माणिक और नीलम के लिए भी प्रमाण पत्र सेवा की शुरुआत की जाएगी।
**तकनीकी एवं शिक्षा उपसमिति के संयोजक विजय चोरड़िया** ने बताया कि जयपुर के रत्न उद्योग के लिए गर्व का क्षण है, क्योंकि पन्ने के लिए उत्पत्ति के प्रमाणीकरण से न सिर्फ पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि उपभोक्ता का विश्वास भी अधिक मजबूत हो सकेगा।

**प्रयोगशाला की खासियत**

प्रयोगशाला का बुनियादी ढांचा अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाया गया है। करीब दस हजार वर्ग फुट क्षेत्र में स्थित इस प्रयोगशाला में रासायनिक फिंगर प्रिंटिंग, एक्स-रे के लिए अत्यधिक परिष्कृत, संवेदनशील और अद्वितीय अत्याधुनिक उपकरण प्रमुख तौर पर लगाए है। इनमें लेज़र एब्लेशन - इन कपल्ड प्लाज्मा- मास स्पेक्ट्रोमीटर (एलए-आईसीपीएमएस) इत्यादि शामिल हैं। इनके अलावा 2डी/3डी एक्स-रे इमेजिंग के लिए माइक्रोसीटी, लूज़ और माउंटेड हीरे के लिए स्वचालित स्क्रीनिंग मशीन, अन्य स्पेक्ट्रोमीटर जैसे लेज़र रमन, इंफ्रा-रेड, एक्स-रे फ्लोरोसेंस इत्यादि भी आधुनिकतम तकनीक से लैस है।






# नवरत्न कोठारी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

- **हाल ही दुबई में सम्पन्न ज्वैलरी वर्ल्ड अवाइर्स कॉन्क्लेव में मिला सर्वोच्च पुरस्कार।**
- **डीएमसीसी के चेयरमैन अहमद सुल्तान बिन सुलायेम ने सम्मानित किया।**

मानव जीवन बड़ी मुश्किल से मिलता है, अगर आप किसी के काम नहीं आ सके तो यह व्यर्थ है। इसी ध्येय को लेकर आगे बढ़ रहे है मशहूर उद्योगपति, वरिष्ठ समाजसेवी और केजीके समूह के संस्थापक नवरत्न कोठारी को हाल ही दुबई में सम्पन्न हुई ज्वैलरी वर्ल्ड के कॉन्क्लेव में वर्ष 2021 के सर्वोच्च पुरस्कार लाईफ टाईम अवार्ड से सम्मानित किया गया। जैम्स एंड ज्वैलरी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कोठारी को डीएमसीसी के चेयरमैन अहमद सुल्तान बिन सुलायेम ने यह पुरस्कार सम्मान प्रदान किया।

इस मौके पर कोठारी ने ज्वैलरी वर्ल्ड अवार्ड्स द्वारा उन्हें प्रदान किए गए इस सम्मान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया





और कहा कि “यह सम्मान वास्तव में मुझे और मेरे सभी केजीके टीम के सदस्यों को प्रोत्साहित करता है कि हम अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करें और जरूरतमंद लोगों के जीवन को और अधिक बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहकर प्रयास करें।”

वर्ष 1942 में जन्मे और वर्ष 1960 के दशक में केजीके समूह की स्थापना करने वाले कोठारी जी उन उद्योगपतियों में प्रमुख स्थान रखते है, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जयपुर के जैम्स एंड ज्वैलरी उद्योग को एक नए मुकाम पर पहुंचाया। यहीं वजह है कि आज दुनिया के अनेक देशों में केजीके समूह कार्यरत है और इसमें कार्य करने वाले लोगों की संख्या लगभग 20 हजार से अधिक है।

**27 देशों में सक्रिय है 'केजीके' समूह**

नवरत्न कोठारी द्वारा स्थापित केजीके कंपनी ने एक अंतर्राष्ट्रीय समूह के तौर पर अपनी अमिट पहचान बनाई है। यह व्यापारिक समूह अनेक खदानों और उनसे निकलने वाले बेशकीमती रत्नों सहित खनिजों की निर्माण ईकाईयों का संचालन करता है। इसके साथ ही ये नाम खुदरा कारोबार एवं रियल स्टेट उद्योग के क्षेत्र में भी सक्रिय है। दुनिया के

करीब 27 देशों में से करीब 9 देशों में इनकी निर्माण ईकाईयां स्थापित है, साथ ही समाजसेवा के क्षेत्र में भी यह समूह सदैव अग्रणी रहा है।

**व्यापारिक व सामाजिक कार्यों को देश-विदेश में मिली है सराहना**

कोठारी सिर्फ जैम्स एंड ज्वैलरी के क्षेत्र में ही लोकप्रिय नहीं है, बल्कि समाजसेवा के क्षेत्र में भी एक प्रतिष्ठित नाम है। इसके कारण देश-विदेश में अनेक ख्यात पुरस्कारों से इन्हें सम्मानित भी किया जा चुका है। इन पुरस्कारों में जयपुर की ऐतिहासिक धरोहर जलमहल और मानसागर झील के पुनरूद्धार के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयासों के लिए उन्हें वर्ष 2008 में 'महाराजा सवाई भवानी सिंह अवार्ड' से सम्मानित किया गया। वर्ष 2016 में हांगकांग के प्रतिष्ठित सरजन समूह की ओर से 'एक्सीलेंस अवार्ड', वर्ष 2012 में आठवें वार्षिक जैमफील्ड एवं रियो टिन्टो रिटेल ज्वैलर इंडिया अवार्ड समारोह में 'लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड' से भी सम्मानित किया जा चुका है। साथ ही देश-विदेश की बेहद प्रतिष्ठित संस्थाओं में भी अहम पदों पर उन्होंने सेवाएं प्रदान की है।

**शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान**

80 वर्षीय कोठारी एसएस जैन सुबोध शिक्षा समिति के अध्यक्ष भी है और इस समिति के जरिए वर्तमान में 17 प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों का संचालन किया जाता है। इनमें एसएस जैन सुबोध कॉलेज सहित अन्य शैक्षणिक संस्थान प्रमुख है। इन्हीं संस्थानों के जरिए हर वर्ष करीब ३३ हजार से अधिक विद्यार्थी उत्तीर्ण होते है और भविष्य की अपनी डगर को मजबूत करते है। साथ ही कोठारी की जयपुर में भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर जैसे प्रतिष्ठित अस्पताल के संचालन में भी अहम भूमिका है। यह अस्पताल कैंसर के मरीजों के लिए संजीवनी बनकर उभरा है, जो उत्तरी भारत का सबसे बड़ा कैंसर स्पेशियलिटी सेंटर है।

## ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर ने अभिनन्दन किया

जैम्स एंड ज्वैलरी के क्षेत्र से जुड़े कारोबारियों ने नवरत्न कोठारी की उपलब्धि को अभूतपूर्व बताया है। इस श्रृंखला में जयपुर ज्वैलर्स असोसिएशन के अध्यक्ष रामशरण गुप्ता, मानद मंत्री अशोक माहेश्वरी व कोषाध्यक्ष राजू मंगोड़ीवाला के नेतृत्व में अनेक सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने उनका अभिनन्दन किया और उन्हें मिले पुरस्कार को सभी के लिए गौरव का क्षण बताया।




GJSCI
Gem & Jewellery Skill Council of India

# संजय कोठारी को लाईफ टाइ़म अचीवमेंट अवार्ड



जैम्स एंड ज्वैलरी स्किल कॉउसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन और दिग्गज कारोबारी संजय कोठारी को हाल ही में जैम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन कांउसिल की ओर से आयोजित एक भव्य समारोह में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में जीजेईपीसी के चेयरमैन कॉलिन शाह ने कहा कि संजय भाई कोठारी से हमें हमेशा सकारात्मकता मिलती है। रत्नाभूषण उद्योग से जुडें व्यापारियों को जब भी निर्यात संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या आई तो हमें संजय भाई से मार्गदर्शन मिला। उनके पास हर समस्या का निदान मौजूद है। अपनी निजी एवं पेशेवर जीवनचर्या के बीच उनके सामंजस्य बैठाने के तरीकों से भी हमें काफी कुछ सीखने को मिलता है। उनके मार्गदर्शन में कांउसिल के 'बीटूसी' शो से 'बीटूबी' शो की रूपरेखा भी तैयार की गई और दोनों ही प्रारूप जबरदस्त लोकप्रिय हुए।

समारोह में देश-विदेश की नामचीन हस्तियों ने भी शिरकत की और संजय भाई को उनके अतुलनीय योगदान के लिए बधाई दी।




इस मौके पर जीजेईपीसी द्वारा संजय कोठारी के लिए तैयार की गई एक विशेष पुस्तक का विमोचन किया गया, जिसमें उनके उल्लेखनीय कार्यों एवं अनुभवों के सारांश को प्रस्तुत किया गया। समारोह में भारत के दिग्गज क्रिकेट खिलाड़ी कपिल देव विशिष्ट अतिथि थे। इस दौरान संजय भाई के जीवन से जुड़े अनेक पहलुओं को साझा किया गया और उनके जीवन चित्र को भी प्रदर्शित किया गया। समारोह में जीजेएससीआई और जीजेईपीसी दोनों ही काउंसिल के पदाधिकारियों ने कहा कि संजय भाई कोठारी का जीवन दूसरों के लिए प्रेरणा पुंज है, जिसकी अनुभव रूपी रोशनी में आगे बढ़ने का हौसला मिलता है। आयोजकों ने बताया कि संजय भाई कोठारी ने दोनों काउंसिल में अहम पदों पर अपनी सेवाएं दी है और उन्होंने अपने कार्यकाल में दोनों ही काउंसिल को नई बुलंदियों पर पहुंचाया है।

GJEPC INDIA | IIGJ

# टर्क्वॉइज़ (फ़िरोज़ा) के खूबसूरत राज

## भाग 3

### टर्क्वॉइज़ की नकल

**रत्नाभूषणों में टर्क्वॉइज़ की अहमियत दिनोंदिन बढ़ती जा रही है और फिल्मी सितारें भी टर्क्वॉइज़ को इसकी अनूठी खूबसूरती के लिए बेहद पसंद करते है, यहीं वजह है कि इसे ज्यादातर नैकलेस एवं ब्रेसलेट्स में शामिल किया जाता है। इन्हीं सब पहलुओं को ध्यान में रखते हुए टर्क्वॉइज़ पर आधारित कुल तीन भागों की श्रृंखला के अंतिम भाग में टर्क्वॉइज़ की नकल और उसकी सही पहचान को प्रमुखता से बताया जा रहा है, जिससे असली एवं नकली का भेद पता किया जा सके।**



**भाग 1 और 2 से पुनर्कथन**

टर्क्वॉइज़ में बेहद सूक्ष्म क्रिस्टल होते हैं, यह सभी मिलकर आपस में एक ठोस द्रव्यमान की संरचना करते हैं। यदि क्रिस्टल एक साथ मिलकर कसावट से पैक होते हैं, तो टर्क्वॉइज़ कम झरझरा होता हैऔर इससे इन पर एक बारीक बनावट भी बन जाती है। यदि क्रिस्टल की पैकिंग में कसावट कमजोर अथवा ढीली होती है तो इसमें बनावट मोटी के साथ अधिक छिद्र दिखाई देते है। कसावट एवं झरझरापन दोनों ही टर्क्वॉइज़ को प्रभावित करते हैं। जहां कई बार कम झरझरापन होने से भी इसकी बनावट मजबूत हो जाती है, वहीं कई बार परिणाम विपरित भी मिलते है। पॉलिश किए जाने पर महीन बनावट वाले टर्क्वॉइज़ में एक आकर्षक मोम की भांति चमक दिखाई देती है, जबकि एक मोटी बनावट वाला टर्क्वॉइज़ पॉलिश के बाद उतना चमकदार नहीं दिखता है।

अधिकांश टर्क्वोइज़ का जब खनन किया जाता है तो यह अपनी झरझरी संरचना के कारण चूने के रंग या सफेद रंग का दिखाई देता है। यह मुख्य रूप से टर्क्वोइज़ नोड्यूल बनाने वाले सूक्ष्म क्रिस्टल से प्रकाश के प्रकीर्णन के कारण होता है। इस तरह की चूना रूपी संरचना वाले टर्क्वोइज़ काटने और चमकाने के लिए उपयुक्त नहीं रहते है क्योंकि यह प्रक्रिया के दौरान बिखर जाते है। यह बॉडी ऑयल और अन्य पर्यावरणीय प्रभावों के प्रति भी अति संवेदनशील होते है।इसी कारण अक्सर इनका रंग नीले टर्क्वोइज़ से बदलकर हरा हो जाता है। टर्क्वोइज़ की अंतर्निहित संरचना के कारण बाज़ार में मौजूद अधिकांश टर्क्वोइज़ को किसी न किसी प्रकार के उपचार की आवश्यकता होती है। यह अनुमान है कि खदान से खनन किए गए टर्क्वोइज़ के दस प्रतिशत से भी कम टर्क्वोइज़ का उपयोग बिना किसी उपचार के आभूषणों में संभव हो पाता है। जीजेईपीसी-जेम टेस्टिंग लेबोरेटरी में बीते 20 वर्षों के दौरान विशेषज्ञों के सामने आया है कि 99% से अधिक टर्क्वोइज़ का किसी न किसी प्रक्रिया द्वारा उपचार किया गया था।

इस रत्न सामग्री की बढ़ती लोकप्रियता के कारण हाल के वर्षो में टर्क्वोइज़ के नकल संबंधी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। समझने में आसानी के लिए, इन नकलसंबंधी मामलों को दो समूहों में बांटा जा सकता है, जो निम्न है:



काली शिराओं (मैट्रिक्स)के साथ डाईड मैग्नेसाइट



काली नसों (मैट्रिक्स)के साथ डाईड डोलोमाइट



भूरे रंग की नसों (मैट्रिक्स)के साथ डाईड मैग्नेसाइट



डाईड एल्युनाइट



डाईड कैल्सिडॉनी

**समूह 1:** मुख्य रूप से रंग-उपचारित अर्थात् रंगे हुए प्राकृतिक पदार्थ होते हैं, जैसे कि मैग्नेसाइट, हाउलाइट, एलुनाइट, कैल्सिडॉनी और डोलोमाइट इत्यादि। इनमें रंगे हुए मैग्नेसाइट की संख्या से जुड़े मामले अधिक सामने आते है।



टर्क्वोइज़ और धात्विक फ़ॉइल के चिप्स से बनी मिश्रित नकल (इमीटेशन)



ग्लास से बने नकली टर्क्वोइज़





सिरेमिक-नकली टर्क्वोइज़ नसों के साथ और बिना(मैट्रिक्स)। इस सामग्री का निर्माण टर्क्वोइज़, गिबसाइट या बैराइट के पाउडर का उपयोग करके किया जाता है।

**समूह 2:** टर्क्वोइज़ में मानव निर्मित सामग्री का बेहद उपयोग किया जाता है। उदाहरण के तौर पर मैग्नेसाइट के चिप्स से बने कंपोजिट इस प्रक्रिया के दौरान उपयोग में लिए जाते है। इनमें विभिन्न पैटर्न जैसे काले/भूरे रंग की नसों वाले, पाइराइट/मार्कासाइट के उपयोग वाले और धातु (Zn/Cu) गुच्छें/नसों इत्यादि के उपयोग वाले अथवा इनके बिना भी टर्क्वोइज़ के इमिटेशन उपलब्ध है। टर्क्वोइज़ की नकल के दौरान खनिज पाउडर या सिरेमिक सामग्री का भी उपयोग किया जाता है, जिसे व्यापारिक भाषा में 'सिंथेटिक' के नाम से जाना जाता है। सिरेमिक से की गई नकल में गिबसाइट या बैराइटको एक रंग के साथ बहुलक में दबाया जाता है अथवा पॉलीमर से जोड़ा जाता है, जिससे उस पर नकली पैटर्न का निर्माण किया जा सके। टर्क्वोइज़ में मिश्रित और सिरेमिक नकल के अलावा अपारदर्शी कांच के पारभासी प्रकरण भी कभी-कभी सामने आ जाते हैं।

इन दो प्रमुख नकल समूहों के अलावा टर्क्वोइज़ के नकल संबंधी मामलों में प्राकृतिक रंग की नीली सामग्रीजैसे कि सेरुलाइट और क्राइसोकोला से जुड़े मामले भी मिलते है, लेकिन उनकी संख्या बेहद कम होती है।

## पहचान और पृथक्करण


### परख के लिए जरूरी विशेष उपकरण

टर्क्वोइज़ की बनावट संबंधित संरचना को देखने के लिए माइक्रोस्कोप सबसे महत्वपूर्ण उपकरण हैं। इसका योगदान प्राकृतिक रूप से रंगे हुए पदार्थों में रंग सांद्रता की उपस्थिति का निर्धारण करने के दौरान उपयोगी रहता है। साथ ही बहुलक नसों संग गहरी दरारें या कंपोजिट में बेतरतीब ढंग से उन्मुख खनिज, या 'ब्लू-डॉट्स' के साथ ठीक दानेदार बनावट, जिसे आमतौर पर सिंथेटिक (सिरेमिक-नकल) टर्क्वोइज़ में 'क्रीम-ऑफ-व्हिट' प्रभाव इत्यादि रूपों में भी सूक्ष्मदर्शी महत्वपपूर्ण रहता है।

माइक्रोस्कोप या लूप के तहत संरचनात्मक तौर पर प्राकृतिक और विभिन्न कृत्रिम सामग्रियों के बीच का अंतर साफ देखा जा सकता है। हालांकि, प्राकृतिक रंग की सामग्रियों की जांच के दौरान उनका सटीक आकलन करते समय कई बार कठिनाईयों का सामना भी करना पड़ता है।




**एक कम्पोजिट टर्क्वोइज़ में टर्क्वोइज़ के कोणीय टुकड़े और रंगहीन पॉलीमर की नस।**



**सिरेमिक-नकली टर्क्वोइज़ में बारीक दानेदार बनावट। यह बनावट आमतौर पर प्राकृतिक टर्क्वोइज़ में नहीं होती है।**




**'क्रीम-ऑफ-व्हिट' अर्थात् बिखरे हुए नीले बिंदु, सिरेमिक से बने नकली टर्क्वोइज़ की सामान्य विशेषता है।**




**बैराइट पाउडर से बने नकली टर्क्वोइज़ में सफेद बादल।**

## स्पेक्ट्रोस्कोपिक विशेषताएं

प्राकृतिक टर्क्वोइज़ को विश्लेषण के गैर हानिकारक स्पेक्ट्रोस्कोपिक तरीके जैसे कि इंफ्रा-रेड, अवशोषण या रमन, ईडीएक्सआरएफ विश्लेषण के साथ उपचारित समकक्षों से अलग करने अथवा इसकी नकल से दूर किया जा सकता हैं। नियमित रूप से, IIGJ-RLC (पूर्व में, GJEPC-Gem Testing Laboratory) विभिन्न प्रकार के टर्क्वोइज़ की नकलों को पहचानने और अलग करने के लिए गुणात्मक EDXRF विश्लेषण, रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी और बेहद सूक्ष्म स्तर के जांच उपकरणों का उपयोग करता है।






**रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी तकनीक के जरिए प्राकृतिक टर्क्वोइज़ में विभिन्न प्रकार के रंग, प्राकृतिक सामग्री और कृत्रिम सामग्री इत्यादि से हुई नकल अथवा मिलावट का पता लगाया जाता है।**

## निष्कर्ष

टर्क्वोइज़ व्यापार मेंइमिटेशनने बहुत भ्रम पैदा कर दिया है, क्योंकि यहां वर्णित अधिकांश सामग्रियों को पारम्परिक जैमोलॉजिकल परीक्षण के साथ पहचाना और वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है। चूंकि बाजार में उपलब्ध अधिकांश प्राकृतिक टर्क्वोइज़ रंगहीन या रंगीन पॉलिमर का उपयोग करके मजबूत बनाए जाते है, इसलिए आरआई और एसजी जैसी जैमोलॉजिकल विशेषताएं उनकी पहचान के लिए उपयोगी नहीं होती हैं। माइक्रोस्कोप,गुणात्मक ईडीएक्सआरएफ विश्लेषण और रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी टर्क्वोइज़ की नकल को पहचानने और उससे अलग करने में काफी सहायक रहते है।



## लेखक के बारे में

गगन चौधरी, एफजीएजीजेईपीसी-जेम टेस्टिंग लेबोरेटरी, जयपुर (अब आईआईजीजे-रिसर्च एंड लेबोरेट्रीज सेंटर) में निदेशक हैं। चौधरी के पास जेम टेस्टिंग लेबोरेटरी, जयपुर, भारत से जैम आइडेंटिफिकेशन में मास्टर्स डिप्लोमा है, जैम-ए, यूके से जैमोलॉजी में डिप्लोमा है और एसएसईएफ, बेसल से साइंटिफिक जैमोलॉजी कोर्स पूरा किया है। वह वर्तमान में प्रयोगशाला के प्रमाणन और अनुसंधान गतिविधियों के प्रभारी हैं। अंडरस्टैंडिंग रफ जैमस्टोन्स, जैम्स एंड रॉक्स (हिंदी में) और द साइंस ऑफ जैमस्टोन ट्रीटमेंट के लेखक, श्री चौधरी gem-passion.com के लेखक भी हैं, जहां उन्होंने दिलचस्प रत्न सामग्री और अन्य रत्न से संबंधित कई रिपोर्ट साझा की हैं। वह जेम न्यूज के संपादक भी हैं।





# काजेम की खदान से निकलता है खूबसूरत पन्ना

## दुनिया की सबसे बड़ी पन्ना उत्पादक खदान काजेम से खास रिपोर्ट

पन्ना रत्न का दुनियाभर के रत्न प्रेमियों के दिलों में खास स्थान है। चाहे पन्ना रत्न की बनावट हो अथवा इसका विशेष प्रभाव, इसकी हर खूबी इसे दूसरों से अलग और प्रभावी बनाती है। एक प्रीमियम श्रेणी के पन्ना रत्न का निर्माण कैसे होता है और वे किन परिस्थितियों में खदानों में से खनिकों द्वारा निकाला जाता है, इस प्रक्रिया से आमतौर पर सभी अनभिज्ञ है। दुनिया की सबसे बड़ी पन्ना उत्पादक खदान काजेम पर आधारित जैम वर्ल्ड की इस खास रिपोर्ट में इन तमाम परतों से पर्दा उठाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रस्तुत है काजेम माइनिंग के उप महाप्रबंधक अनिरूद्ध शर्मा से खास बातचीत के अंश, जिसके जरिए खदान में पन्ना रत्न के निर्माण होने की प्रक्रिया के साथ ही उसके खदान से बाहर आने तक के सभी पहलुओं को साझा करने का प्रयास किया गया है।

**पन्ना रत्न का खनन कैसे किया जाता है, विस्तार से बताईये?**

पन्ना रत्न का खनन प्रमुख तौर पर चट्टान पर निर्भर करता है। खनन शुरू करने से पहले चट्टान के प्रकार और उसमें मौजूद खनिजों के बारे में स्थिति का स्पष्ट होना बेहद जरूरी है, क्योंकि यहीं सबसे महत्वपूर्ण कारक होते है। पन्ना रत्न का निर्माण दो प्रकार की क्रियाओं से होता है। पहली क्रिया के तहत जब करीब 1.8 बिलियन वर्ष पुराना टेल्क मैग्नेटाइट शिस्ट (TMS) क्रोमियम से भरपूर हो अथवा दूसरी क्रिया के तहत वैनेडियम 500 मिलियन वर्ष पुराने एक बहुत छोटे पेगमाटाइट अर्थात् किसी ज्वालामुखी की प्रतिक्रिया के स्वरूप इसका निर्माण होता है। गर्म खनिज युक्त ब्रिनी ज्वालामुखी का तरल पदार्थ दो चट्टानों के बीच की दरारों में



फंस जाता हैं और ठंडा हो जाता है। ऐसा लंबे समय तक होने के कारण एक प्रतिक्रिया होती है, जिससे क्रिस्टल के निर्माण की प्रक्रिया की शुरुआत होती है। भूवैज्ञानिक ट्रेंचिंग, पिटिंग और कोर ड्रिलिंग जैसे सैंपलिंग विधियों का उपयोग करके पन्ने की खोज करते हैं। हालांकि पहले खनिज होने की पुष्टि की जाती है। इसके बाद कंप्यूटर आधारित मॉडल के जरिए भूमिगत खनन की योजना बनाई जाती है। फिर अयस्क ड्रिलिंग, ब्लास्टिंग और लोडिंग की प्रक्रिया का अनुसरण किया जाता है।



खनन का अधिकांश (75%) बिक्री योग्य नहीं है क्योंकि उसकी गुणवत्ता खराब होती है। रेवेन्यू का 70% केवल 7% उत्पाद (प्रीमियम) द्वारा उत्पन्न होता है। यह वास्तव में निरंतर पूंजीगत व्यय की आवश्यकता वाला कार्य भी है।

**खनन के लिए किन मशीनरी और उपकरणों की आवश्यकता होती है?**

काजेम के पास 20 लोडिंग, 45 आर्टिकुलेटेड डम्पर ट्रक (एडीटी) और 50 से अधिक सहायक वाहन है। इनमें हर वाहन की अपनी उपयोगिता है। लोडिंग वाहनों की क्षमता 6 घन मीटर है, साथ ही अन्य वाहनों की भी अपनी अपनी श्रेणी में बेहतरीन क्षमता है। हमारे पास ड्रिलिंग और ब्लास्टिंग मशीनें अत्याधुनिक है। ड्रिल मशीनें 30 मीटर गहराई तक खुदाई करने में सक्षम है। सहायक उपकरणों और वाहनों में बुलडोजर, ग्रेडर, पानी की गाड़ियां, क्रेन, हैवी ड्यूटी डीवाटरिंग पंप आदि प्रमुख है। काजेम में प्रोडक्शन ब्लास्टिंग का अहम योगदान है, इसके जरिए बोल्डर और अन्य बड़ी चट्टानों को तोड़ा जाता है।

पन्ना खनन का अधिकांश कार्य मैन्युअल किया जाता है। इसका नेतृत्व भूवैज्ञानिकों की अत्यधिक कुशल टीमें करती है और प्रशिक्षित कर्मचारियों की तैनाती रहती है। इस प्रक्रिया में आसपास की अपशिष्ट चट्टानों को ड्रिलिंग, ब्लास्टिंग और उच्च क्षमता वाले लोडिंग वाहनों के जरिए हटाया जाता है, जिससे पन्ने को प्राप्त किया जा सके।

**पन्ने का खनन करते समय आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है?**

खनन के दौरान अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उदाहरण के तौर पर सबसे बड़ी चुनौती यह पता लगाना है कि पन्ना कहां मिलेगा अथवा इसकी गुणवत्ता कैसी होगी? इनके अलावा दूसरी चुनौतियां भी है जैसे कि अयस्क यानी स्ट्रिपिंग तक पहुंचने के लिए अपशिष्ट चट्टान को रास्ते में से हटाना और रास्ते को साफ रखना। काजेम के मामले में स्ट्रिपिंग अनुपात 100:1 से अधिक है। वैश्विक स्तर पर इतने उच्च अनुपात के साथ खनन कार्य बेहद सीमित खदानों में ही संभव हो पाता है। इस दौरान ऑपरेशन का पैमाना भी व्यापक रखा जाता है, जैसे की 160 मीटर की गहराई वाला 2.2 किमी लंबा खुला गड्ढा, हर महीने 1 मिलियन टन से अधिक चट्टान को स्थानांतरित करना आदि। काजेम दुनिया की सबसे बड़ी पन्ना उत्पादक खदान है, यहां 1 टन अयस्क केवल 50 ग्राम पन्ना और बैरियल का उत्पादन करता है, जिसमें से 13 ग्राम पन्ना हैं और सिर्फ 0.3 ग्राम प्रीमियम हैं। पन्ना और बैरियल

**श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खनन करते समय क्या सुरक्षा सावधानियां बरती जाती हैं?**

काजेम से जुड़ें सभी कर्मचारियों और उपकरणों की सुरक्षा के लिए जैमफील्ड्स हमेशा प्रतिबद्ध है। यहां प्रत्येक स्टाफ के सदस्य को कार्यस्थल पर तैनाती से पहले खान सुरक्षा नियम और नौकरी उन्मुख सुरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रत्येक शिफ्ट और वरिष्ठ प्रबंधन टीम विजिबल फेल्ट लीडरशिप के माध्यम से सुरक्षा समीक्षा में भाग लेती है। निरंतर सुधार सुनिश्चित करने के लिए, जैमफील्ड्स के पास एक एकीकृत क्लाउड-आधारित सेवा है। इसके अलावा सभी दुर्घटनाओं अथवा किसी भी चूक के लिए रिपोर्टिंग प्रणाली विकसित की हुई है, जो हर छोटी-बड़ी चूक अथवा जानकारी की सूचना समूह-स्तरीय प्रबंधन और बोर्ड को प्रदान करती है।

### बरसात के मौसम में काजेम में खनन का प्रबंधन कैसे किया जाता हैं?

जाम्बिया में प्रति वर्ष औसतन नवंबर से अप्रैल यानी 5-6 महीने बारिश होती है और इसके लिए हम एक सक्रिय जल चक्र की विधि का अनुसरण करते है। इसके तहत हमेशा भूजल गतिविधि पर ध्यान केन्द्रित रहता है। बारिश के दौरान काजेम के गहरे गड्ढों में जब पानी भर जाता है तो हम उसे डिवाटरिंग पम्पिंग के जरिए बाहर निकालते है और आसपास के क्षेत्रों में बने तालाबों में छोड़ देते है। इससे हम प्रकृति का पानी उसे वापस सौंपने की जिम्मेदारी भी निभाते है। यह पम्पिंग की प्रक्रिया काजेम खदान में चौबीसों घंटें चलती है।

### पन्ना खनन की प्रमुख खदानें कहां कहां स्थित हैं?

पन्ना खनन के लिए मुख्य तीन स्रोत ब्राजील, कोलंबिया और जाम्बिया हैं। इनके अलावा इथोपिया, अफगानिस्तान, पाकिस्तान और रूस में भी पन्ने की सोर्सिंग की जाती है। काजेम को दुनिया की सबसे बड़ी पन्ना उत्पादक खदान माना जाता है।

### खनन के बाद पन्ने को कैसे अलग किया जाता है और गुणवत्ता मूल्यांकन की क्या अहमियत रहती है, बताईये?

खनन और प्रसंस्करण की प्रक्रिया के बाद पन्ना हाथ से उठाया जाता है। इसके बाद उसे सॉर्ट हाउस भेजा जाता है, जहां पन्ने को क्रिस्टल से अलग निकालने की प्रक्रिया की जाती है। एक बार चट्टान से अलग होने के बाद पन्ने को संदर्भ सेटों के अनुसार उनके आकार, कट, रंग, स्पष्टता, योग्यता के आधार पर २१४ विभिन्न ग्रेडों में क्रमबद्ध किया जाता है। इन सभी प्रक्रियाओं में पूर्ण पारदर्शिता का अनुसरण किया जाता है और इसके लिए जैमफील्ड्स की विशेष ग्रेडिंग प्रणाली अपनाई जाती है, जो पन्ना ग्रेडिंग के क्षेत्र में दुनिया की सबसे बेहतरीन प्रणालियों में से एक है।

### आदर्श खनन क्या है? इसके बारे आपके विचार साझा करिये?

हमारा उद्देश्य है कि हम राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं में सकारात्मक योगदान देंवे। साथ ही हमारी रंगीन रत्नों की खदानों के आसपास के क्षेत्र को आधुनिकता से जोड़ें और समुदायों के लिए स्थाई आजीविका का निर्माण करें। हमारा मानना है कि रंगीन रत्नों का खनन और विपणन तीन प्रमुख मूल्य यानी पारदर्शिता, वैधता और अखंडता के आधार पर होना चाहिए। जैमफील्ड्स के लिए सोर्सिंग का अर्थ है उद्योग से जुड़ी अग्रणी नीतियों को लागू करना। हमारी ओर से संचालन और नीलामी प्रक्रिया सहित सभी कार्यों में पादर्शिता का खास ध्यान रखा जाता है। यहीं प्रयास हम अफ्रीका के वन्य जीवन के संरक्षण एवं स्थानीय समुदायों के उत्थान के लिए भी कर रहे है, जिससे वहां काफी सकारात्मक बदलाव आए है। हमारे व्यवसाय के केन्द्र में स्थिरता और कॉर्पोरेट जिम्मेदारी हैं। यह प्रयास हमारे ब्रांड स्टेटमेंट और विश्वसनीयता के साथ हमारे नेक इरादों को भी बताते है।



# स्मरण

## श्री ज्ञान चन्द जी कोठारी

1932-2022



छह दशकों से भी अधिक समय से रत्नाभूषण के क्षेत्र में सक्रिय कुशल कारोबारी, वरिष्ठ समाजसेवी और प्रतिष्ठित राणा कम्पनी के भागीदार श्री ज्ञान चन्द कोठारी जी का 90 वर्ष की आयु में देवलोक गमन हो गया। रंगीन रत्नों की गहरी परख रखने वाले कोठारी अपनी सादगी एवं विनम्रता के लिए भी देश-विदेश में विख्यात रहे है। कोठारी का जन्म वर्ष 1932 में दांतरी ग्राम में पिता नथमल जी एवं माता अनोप देवी की रत्नकुक्षी से हुआ। उन्होंने बीए की शिक्षा वर्ष 1952 में महाराजा कॉलेज से प्राप्त की। जयपुर निवासी श्रीमती कंचन बाई-पूनम चन्द जी बडेर की सुपुत्री तेजकुमारी जी के साथ 18 वर्ष की आयु में ज्ञान चन्द जी का विवाह सम्पन्न हुआ।

रंगीन रत्नों के व्यापार के विस्तार हेतु उन्होंने दुनिया के अनेक देशों की यात्राएं की। इस क्षेत्र में नए कीर्तिमान बनाने वाले कोठारी जी को ज्वैलर्स असोसिएशन व अन्य संस्थाओं द्वारा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। कोठारी जी इंटरनेशनल कलर स्टोन असोसिएशन और जैम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन कॉन्सिल में कार्यकारी सदस्य रहे, ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर में सचिव और अध्यक्ष पद पर भी उन्होंने अपनी सेवाएं प्रदान की। इनके अलावा रोटेरी क्लब में भी उन्होंने अध्यक्ष पद पर रहते हुए अनेक सामाजिक कार्य किये। एक समाजसेवी के तौर पर समाज के उत्थान के लिए भी कोठारी जी का योगदान अतुलनीय रहा है और एक कर्मयोगी की भांति उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित संस्था के अध्यक्ष पर रहते हुए हजारों विकलांग व्यक्तियों को शिक्षा एवं रोजगार प्रदान करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके अलावा भी वे अपने सम्पूर्ण जीवन में समाज सेवा में अग्रणी रहे और इस कड़ी में अपनी जन्म स्थली दांतरी गांव में धर्म सहायिका तेज बाई के साथ मिलकर लगातार 25 वर्षों तक नेत्र कैम्प आयोजित कर हजारों व्यक्तियों को आंखों की रोशनी प्रदान करने में अहम भूमिका निभाई।

मिलनसार और धार्मिक स्वभाव के साथ ही दूसरों के लिए सर्वश्रेष्ठ पथ प्रर्दशक की भूमिका निभाने वाले कोठारी जी निष्पक्ष न्याय के लिए भी विख्यात रहे। रत्न नगरी के रूप में जयपुर की साख बरकरार रखने में भी कोठारी जी का योगदान सराहनीय रहा। उनका मानना था कि विशेष आर्थिक क्षेत्र सेज में चौबीसों घंटें निमार्ण इकाईयों में कार्य होना चाहिए, जिससे वे क्षमता के अनुरूप उत्पादन कर सके। साथ ही रत्नाभूषण उद्योग में भरोसा सर्वोपरि होना चाहिए, जिससे रत्न अथवा आभूषण खरीदने वाले को हमेशा प्रमाणिक ज्वैलरी ही मिले और वे इसे जीवनभर संभालकर रख सके। इसी से रत्न नगरी जयपुर की विश्वसनीसता हमेशा बनी रहेगी।

ज्वैलर्स असोसिएशन दिवंगत आत्मा को सम्मान और श्रद्धांजलि अर्पित करता है।



RUBY & DIAMOND
EARNING IN GOLD
**Gem Plaza**

# ट्रेंडी अफेयर्स

प्रस्तुत है आकर्षक बनावट और बेमिसाल कलाकारी से भरपूर खूबसूरत रत्नाभूषण, जो मन को मोह लेंगे।



EXQUISITE CHOKER
**Savio Jewellery**



POLKI EARRINGS
**Achal Jewels**

EXQUISITE RUBY
**Savio Jewellery**





DIAMOND POLKI WITH EMERALD &
RUBY PEARL NECKLACE
**Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.**





EMERALD ROUGH
**Rakesh Kumar Vijay**




POLKI AND DIAMOND CHAIN DETAIL ROUND NECKLACE SET
**Birdhichand Ghanshyamdas Jewellers**



JADAU NECKLACE
**Jaipur Ratna**



POLKI PENDANT
**Achal Jewels**



ROYAL AZURE
**Savio Jewellery**



PINK SAPPHIRE & DIAMOND BRACELET IN GOLD
**Gem Plaza**



DIAMOND BANGLE
**Achal Jewels**

LOT OF CUT COLOMBIAN EMERALDS
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**





OPEN POLKI
NECKLACE
**Jaipur Ratna**



POLKI BANGLE
**Achal Jewels**



TURQUOISE RING
**Savio Jewellery**



CHOKER CUM BRACELET
**Savio Jewellery**



DIAMOND POLKI WITH EMERALD & RUBY PEARL EARRING
**Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.**




LOT OF CUT COLOMBIAN EMERALDS
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**



FROSTED PEBBLE BAND
**Lunaya**



DIAMOND POLKI WITH
TANZANITE & PEARL NECKLACE
**Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.**



TRADITIONAL KUNDAN
NECKLACE
**Jaipur Ratna**



18K GOLD RING WITH TANZANITE & FANCY
DIAMOND WITH BRILLIANT CUT DIAMONDS
**Gem Plaza**

MORGANITE ROUGH
**Precitone Co. Ltd**





ROUGH COLOMBIAN EMERALDS
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**



LOT OF CUT COLOMBIAN EMERALDS
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**



ELLIPTIC TANZANITE
**Savio Jewellery**



HEART SHAPE EMRALDS
**Nakshatra Gems**



DIAMOND NECKLACE
**Achal Jewels**



DIAMOND GOLD EARRING
**Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.**




DIAMOND GOLD HEART EARRING
**Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.**



DIAMOND ROSE GOLD PENDANT
**Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.**



FLARE RED
**Savio Jewellery**



LOT OF CUT COLOMBIAN EMERALDS
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**



FROSTED GALZED EARRING
**Lunaya**



DIAMOND AND EMERALD ANTIQUE BROOCH
**Birdhichand Ghanshyamdas Jewellers**



SWISS BLUE TOPAZ | RUBELLITE | PARAIBA | TANZANITE



BI-COLOR | GREEN TOURMALINE | TOURMALINE | AQUAMARINE



OPAL | LONDON BLUE TOPAZ | MORGANITE | INDIGOLITE

**RMC GEMS**



MIXED BERYL
**Precitone Co. Ltd**



ROUGH COLOMBIAN EMERALD SPECIMEN
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**



PEACH MORGANITE
**Lunawat Gems**



SET OF EMERALD CARVINGS
**Ramnarain & Co.**



PEAR CAB PENDANT
**Nakshatra Gems**



RUBELLITE
**Lunawat Gems**

PINK TOURMALINE
CARVING
**National Facets**






THE WHITE LOTUS
**Savio Jewellery**



TANZANITE
CARVING
**National Facets**



H S CUT SET
**Nakshatra Gems**



TURQUOISE
**Lunawat Gems**



18K PENDANT WITH
FANCY COLORED DIAMONDS
**Gem Plaza**



AQUAMARINE ROUGH
**Precitone Co. Ltd**



TANZANITE
**Lunawat Gems**



ROUGH COLOMBIAN EMERALD SPECIMEN
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**



GREEN TOURMALINE
**Precitone Co. Ltd**



POLKI RUBY EARRINGS
**Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.**



DIAMOND NECKLACE
**Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.**

FAR SIZED POLKI AND EMERALD CHOKER SET
**Birdhichand Ghanshyamdas Jewellers**





SPESSARTITE
**Precitone Co. Ltd**



LOT OF CUT COLOMBIAN EMERALDS
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**



EMERALD EARRING IN 18K ROSE GOLD
**Gem Plaza**



EMERALD ROSE CUT DIAMOND EARRINGS
**Royal Gems & Jewels**



EMERALD ROUGH
**Rakesh Kumar Vijay**



BICOLOR TOURMALINE ROUGH
**Precitone Co. Ltd**



OPEN POLKI
NECKLACE
**Jaipur Ratna**



EMERALD DROPS
**Nakshatra Gems**



GLAZED DRIP EARRING
**Lunaya**



ROSE CUT
DIAMOND EARRINGS
**Royal Gems & Jewels**



EMERALD ROUGH
**Rakesh Kumar Vijay**

| Company | Email |
|---|---|
| ACHAL JEWELS | office@achaljewels.com |
| BIRDHICHAND GHANSHYAMDAS JEWELLERS | bg@bgjewellers.in |
| C. I. BOGOTA EMERALD MART S.A.S. | jbazalel@hotmail.com |
| GEM PLAZA | mail@gemplaza.net |
| JAIPUR RATNA | rea@jaipurratna.com |
| LUNAYA | hello@lunayajewelry.com |
| LUNAWAT GEMS | contact@LGCINDIA.com |
| NAKSHATRA GEMS | ashokmaheshwari302@gmail.com |
| NATIONAL FACETS | nationalfacets@yahoo.co.in |
| PRECITONE | anu@precitone.com |
| ROYAL GEMS & JEWELS | info@royalgemsandjewels.com |
| RAMNARAIN & CO. | ramnarayanco501@gmail.com |
| RAKESH KUMAR VIJAY | roallygems@gmail.com |
| RMC GEMS | rmc@rmcgems.in |
| SAVIO JEWELLERY | saviojewellery@gmail.com |
| VALENTINE JEWELLERY (I) Pvt. Ltd. | order@valentinejewelleryindia.com |

# डिज़ाइन स्पीक

ज्वैल एक्सेल इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइनिंग, जयपुर की उभरती प्रतिभाओं द्वारा बनाए गए नायाब डिज़ाइंस को प्रदर्शित करती एक पहल।



1. NECKLACE
Theme: Saptpadi :
Love, gratitude, compassion for life



2. RING
Theme: Saptpadi :
Beguile Wings




3. BRACELET
Theme: The Iridescent
Illusion Bracelet



4. NECKLACE
Theme: The Blue
Rumi Necklace

| S.no | Designer | Email |
|---|---|---|
| 1. | Aarti Chandnani | chandnaniaarti@gmail.com |
| 2. | Drishti Khandelwal | dishakhandelwal28@gmail.com |
| 3. | Iqra Khan | iqrakhan9351@gmail.com |
| 4. | Mahima Bardiya | mahimabardiya18@gmail.com |



5. EARRING
Theme: The Rose Solitaire Ear Clips



6. EARRING
Theme: The Green Fall Earrings



7. EARRING
Theme: The Ruby Rhapsody Earrings



8. EARRING
Theme: The Kea Earrings




9. BRACELET
Theme: The Libelle Handcuff



10. NECKLACE
Theme: The Viridiscent Necklace

| S.no | Designer | Email |
|---|---|---|
| 5. | Muskan Lodha | muskaanlodha7@gmail.com |
| 6. | Neha Lashkery Agarwal | nehaagrawal894@gmail.com |
| 7. | Palak Pasrija | palak.pasrija@gmail.com |
| 8. | Rinki Jain | arpitaprateekjain@gmail.com |
| 9. | Riya Agarwal | 11riyaagarwal@gmail.com |
| 10. | Riya Jindal | jindalriya17@gmail.com |



11. BANGLE
Theme: The Peacock Bloom



12. NECKLACE
Theme: The Teal Torque



13. EARRING
Theme: The Green Duchess






14. BRACELET
Theme: The Scent Of Gemstones

15. Earring
The Vighanharta Earrings



16. Earring
The Harlequin Earrings

| S.no | Designer | Email |
|---|---|---|
| 11. | Ritu Poddar | rritupoddar1999@gmail.com |
| 12. | Riya Jain | tholia.riya@gmail.com |
| 13. | Saaniya Burad | saaniyaburad@gmail.com |
| 14. | Sanya Sharma | Sharmasaniya2002@gmail.com |
| 15. | Suhani Khazanchi | Suhani1695@gmail.com |
| 16. | Surbhi Khunteta | surbhikhunteta27@gmail.com |


ACHAL
Jewels
Achal presents the most desirable jewellery, transcending history, culture and elegance.
achaljewels | Achaljewels | office@achaljewels.com




NAKSHATRA GEMS

ASHOK MAHESHWARI (BAGLA)
Secretary
Jewellers Association, Jaipur

NAVEEN SHARDA

302, Kasturi Palace, K.G.B. Ka Rasta, 1st Crossing,
Johari Bazar, Jaipur - 302003 (Raj.) India

(+91) 99294 47497, 98282 49959, 141-4014974, 141-4034600
Email: ashokmaheshwari302@gmail.com
Website: www.nakshatragems.in


NATIONAL
FACETS
JAIPUR
SINCE 1980
BEADS
CUTS
CABS
CARVINGS
Number -1, Shopping Center, Janta Colony, Jaipur-302004, Rajasthan, India
+91-141-4933327, info@nationalfacets.com
www.nationalfacets.com




RNC GEMS

1987

(RAM NARAYAN & COMPANY)

HOUSE OF FINEST

# EMERALDS

Emerald & Rubylite Necklaces | Precision Cut Emeralds | Fine Emerald Carvings
Wide Array of Emerald Cabochons | Calibrated Emeralds

+91 9680632730 / 9828011414

ramnarayanco501@gmail.com | /rncgems

RAM NARAYAN & COMPANY

501, SHYAMAL, ADARSH NAGAR, BEES DUKAN, JAIPUR, RAJASTHAN

GEM PLAZA

MAGNIFICENT JEWELS




Crafting your
Connections with
Colour

Flagship store :
Khetan Bhawan, M.I. Road, Jaipur-302001, India
t: +91 141 2367948 e: showroom@gemplaza.net

Factory :
G-1/21-23,Gem & Jewellery Zone, EPIP, Sitapura, Jaipur - 302022, India
t: +91 141 2770535 e: mail@gemplaza.net

www.gemplaza.net




BIRDHICHAND GHANSHYAMDAS

JEWELLERS

Jaipur - 9, Lakshmi Complex, M.I. Road | T: +91-141-2379228 | E: jaipur@birdhichand.com
New Delhi - D 21, Defence Colony | T: +91-141-40115623, 40115624 | E: delhi@birdhichand.com
www.birdhichand.com

ROYAL
GEMS & JEWELS

EXPERIENCE THE MAGNIFICENCE OF OUR
FINE DIAMOND JEWELLERY



Retail Boutique Store of Fine Jewellery.

135, M. I. Road, Jaipur- 302001 INDIA

Phone:+91-141-4901188, Mobile: +91-98292-66772, Email: info@royalgemsandjewels.com,
Website: www.royalgemsandjewels.com

ICE No. 1388002949
GSTIN: 08ABIPV9663KIZO

Off. (0141) 2616191
Rakesh Kumar Vijay: 94140 46201
Mukesh Vijay: 94140 77 173
Email ID: 123muk@gmail.com

# RAKESH KUMAR VIJAY

C-66, Saket Colony, Adarsh Nagar, Jaipur- 302 004 (INDIA)
"1996-97 & 97-98
GJEPC EXPORT AWARD WINNER

"Manufacturers, Exporters& Importers
PRECIOUS & SEMI- PRECIOUS ROUGH STONE
Specialist in : All Kinds of Precious & Semi- Precious Rough




**Our Branches**

**ROLLY GEMS INC.**
48 West 48th Street Suite No. 1409,
NEWYORK- NY10036
Contact:803-379-2121
Email ID: roallygems@gmail.com



**SHREE NATH GEMS P. LTD. JAIPUR**


JR
JAIPUR RATNA
BY ANUJ GEMS & JEWELLERY
A tradition of Artistry, forged in the purest gold
Manufacturer and Wholesaler of Antique South Indian, Gold, Kundan Meena Diamond Polki Fusion Jewellery
453, Mawa Wala Complex, Lal ji Saand Ka Rasta, Chaura Rasta, Jaipur - 302003
Tel: +91 141 2310085 | M: +91 95870 17555, +91 95872 96666
E : crm@jaipurratna.com, sc@jaipurratna.com | W : www.jaipurratna.com

GJEPC INDIA

GTL GEM TESTING LABORATORY SINCE 1972

ESTABLISHED BY **GJEPC**, A BODY UNDER
**MINISTRY OF COMMERCE & INDUSTRY, GOVERNMENT OF INDIA**

# WHEN YOU PUT YOUR TRUST IN US, WE SET IT IN STONE!

## GEM IDENTIFICATION | DIAMOND GRADING

### NOW IN SITAPURA WITH WORLD-CLASS LABORATORY INFRASTRUCTURE







- Bigger and secured premises
- Advanced laboratory with new state-of-art equipment
- Arrangement of Door-to-Door pick-up and Delivery of Samples (at a meagre charge)
- **New services in the pipeline**
  - Certification of Origin of Rubies, Sapphires and Emeralds
  - Certification of Pearls

**COLLECTION CENTRE AT**
**3RD FLOOR, RAJASTHAN CHAMBER BHAWAN,**
M.I. ROAD, JAIPUR

*Contact for more details*

**GEM TESTING LABORATORY**
**(THE GEM & JEWELLERY EXPORT PROMOTION COUNCIL)**


SP-111, R.K. Derewala Tower, KGK Campus, Near SEZ Phase 1,
Sitapura Industrial Area, Jaipur 302022
www.gtljaipur.info | gtl@gjepcindia.com
TEL: +91-141-2770995, 2941470

# Exclusive for

**Jaipur Jewellers Association members and their families**

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

RHL



## ज्वैलर्स एसोसिएशन एवं राजस्थान हॉस्पिटल

के संयुक्त तत्वाधान में एसोसिएशन के सदस्यों व परिवारजनों के लिए

( Parents, Spouse & Children )

# सेहत आपकी

## साथ हमारा अभियान

**10 % छूट**

- आईपीडी बिल पर*
- सभी ओपीडी जांच (इन – हॉउस) और परामर्श पर*
- सीटी स्कैन और अन्य इन – हॉउस डायग्नोस्टिक सेवाओं पर*

**Single Point Contact** श्री सुमित श्रीवास्तव +91 9602530123

**एडमिशन और कन्सलटेशन मे प्राथमिकता**

**नियमानुसार शर्ते**

- बिलों का भुगतान सदस्य को करना होगा, केशलेस या अन्य योजना के तहत स्वीकार्य नही होगा।
- अभियान और उपरोक्त लाभ से संबंधित कोई भी निर्णय लेने का अधिकार RHL मैनेजमेन्ट को होगा।
- रेजिस्ट्रैशन के समय अथवा ईमरजेन्सी मे 24 घंटों के अन्दर, एसोसिएशन के अधिकृत हस्ताक्षर कर्ता से पत्र / आई डी दें।
- दवाओं, कन्ज्यूमेबल, प्रत्यारोपण और आउट सोर्स जांच पर छूट नहीं है।

**Jewelers Association Team**

| Ramsharan Gupta | Alok Sonkia | Ashok Maheshwari | Neeraj Lunawat | Raju Mangodiwala |
|---|---|---|---|---|
| President | Vice President & Convenor, CSR | Honorary Secretary | Joint Secretary | Treasurer |

☎ 0141-2720020 JLN Marg, Jaipur www.rajasthanhospital.in अपना अस्पताल – राजस्थान अस्पताल

# Exclusive for

## Jaipur Jewellers Association members and their families

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR



RHL

# ज्वैलर्स एसोसिएशन
एवं
# राजस्थान हॉस्पिटल

के संयुक्त तत्वाधान में एसोसिएशन के सदस्यों व परिवारजनों के लिए

( Parents, Spouse & Children )

### Jewellers Regular Health Package

Cardiac Health
- 2D Echo / TMT
- ECG
- Lipid Profile

Diabetic Health
- Blood Sugar Fasting
- Blood Sugar (Post Parandial)
- HbA1c

General Health
- CBC - Complete Blood Count
- Vitamin B12
- Serum Calcium

Kidney Health
- Uric Acid
- Creatinine
- Urine Routine

Liver Health
- Bilirubin Direct & Indirect
- SGPT, SGOT
- Total Proteins - Albumin & Globulin
- A / G Ratio
- Alkaline Phosphate
- GGPT

Lung Health
- X - Ray Chest PA View
- PFT

Multi-Organ Health
- USG - Abdomen
- TSH - Thyroid Stimulating Hormone

Consultation
- Ophthalmology
- General Medicine
- Cardiology
- Dental

Breakfast

**1900/-**

### Jewellers Advanced Health Package

Cardiac Health
- 2D Echo / TMT
- ECG
- Lipid Profile

Diabetic Health
- Blood Sugar Fasting
- Blood Sugar (Post Parandial)
- HbA1c

General Health
- CBC - Complete Blood Count
- Vitamin B12
- Vitamin D
- Serum Calcium

Kidney Health
- Uric Acid
- Creatinine
- Urine Routine

Liver Health
- Bilirubin Direct & Indirect
- SGPT, SGOT
- Total Proteins - Albumin & Globulin
- A / G Ratio
- Alkaline Phosphate
- GGPT

Lung Health
- X - Ray Chest PA View
- PFT

Multi-Organ Health
- USG - Abdomen
- TSH - Thyroid Stimulating Hormone

Consultation
- Ophthalmology
- General Medicine
- Cardiology
- Dental

Breakfast

**2750/-**

### Jewellers Advanced Health Package
( Age above 60 years )

Cardiac Health
- 2D Echo / TMT
- ECG
- Lipid Profile

Diabetic Health
- Blood Sugar Fasting
- Blood Sugar (Post Parandial)
- HbA1c

General Health
- CBC - Complete Blood Count
- Vitamin B12
- Vitamin D
- Serum Calcium

Kidney Health
- Uric Acid
- Creatinine
- Urine Routine

Liver Health
- Bilirubin Direct & Indirect
- SGPT, SGOT
- Total Proteins - Albumin & Globulin
- A / G Ratio
- Alkaline Phosphate
- GGPT

Lung Health
- X - Ray Chest PA View
- PFT

Multi-Organ Health
- USG - Abdomen
- TSH - Thyroid Stimulating Hormone

Recommended for Age Above 60
- PSA (For Male)
- Mammography (For Female)

Consultation
- Ophthalmology
- General Medicine
- Gynecology (For Female)
- Cardiology
- Dental

Breakfast

**3100/-**

**Single Point Contact श्री सुमित श्रीवास्तव +91 9602530123**

### Jewelers Association Team

| Ramsharan Gupta | Alok Sonkia | Ashok Maheshwari | Neeraj Lunawat | Raju Mangodiwala |
|---|---|---|---|---|
| President | Vice President & Convenor, CSR | Honorary Secretary | Joint Secretary | Treasurer |

☎0141-2720020 JLN Marg, Jaipur www.rajasthanhospital.in अपना अस्पताल – राजस्थान अस्पताल